

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

## वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश
# नियुक्तियां रोकीं, केंद्र से 7 दिन में मांगा जवाब

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन करीब 1 घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी। तब तक सरकार को तीन निर्देश मानने होंगे।

**सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई करेगा**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं



पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें।

सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।

### उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई नाराजगी कहाः
## अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं, अनुच्छेद 142 न्यूक्लियर मिसाइल बन गया



सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय की थी। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उपराष्ट्रपति ने कहाः हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। दरअसल, अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है।

# पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई की रेड
## विदेशी फंडिंग मामले में एक्शन
### सिसोदिया बोलेः BJP की साजिश, गुजरात चुनाव प्रभारी बनते ही रेड

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (AAP) के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर गुरुवार को CBI ने छापेमारी की है। CBI अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई विदेशी फंडिंग से जुड़े मामले को लेकर हो रही है। CBI ने बुधवार को AAP के खिलाफ फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (FCRA) के तहत केस दर्ज किया। CBI की FIR के मुताबिक- विदेशों में रहने वाले 155 लोगों ने 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर 404 बार में पार्टी को कुल रू. 1.02 करोड़ का डोनेशन दिया। कई डोनर्स ने एक ही पासपोर्ट नंबर का इस्तेमाल किया, जिससे फर्जीवाड़े का संदेह है। AAP ने जवाब में कहा- 201 विदेशी नागरिकों ने पार्टी को डोनेशन दिया। 51



ईमेल आईडी के जरिए 639 बार में रू. 2.65 करोड़ का दान किया। सभी डोनेशन पारदर्शी तरीके से हुए हैं और उनके पास पूरा रिकॉर्ड है। AAP नेता मनीष सिसोदिया ने कहा- गुजरात चुनाव 2027 की जिम्मेदारी मिलते ही दुर्गेश पाठक के घर CBI रेड हुई है। ये कोई इत्तफाक नहीं, बल्कि भाजपा की साजिश है। BJP जानती है कि गुजरात में अब सिर्फ AAP ही उन्हें चुनौती दे सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगदारी मामले में लालू के करीबी विधायक रीतलाल यादव और भाई ने कोर्ट में किया सरेंडर, भेजे गए जेल

**पटना ,एजेंसी।** लालू प्रसाद यादव के करीबी और दानापुर से आरजेडी विधायक रीतलाल यादव ने अपने छोटे भाई और तीन अन्य आरोपियों के साथ पटना की दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। सभी को कोर्ट में पेशी के बाद बेऊर जेल भेज दिया गया। इन पर एक बिल्डर से रंगदारी मांगने, धमकी देने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने जैसे गंभीर आरोप हैं। विधायक रीतलाल यादव के वकील ने अदालत में कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित और झूठा है। उन्होंने दावा किया कि बिल्डर ने जानबूझकर फर्जी केस दर्ज करवाया, और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही यादव व उनके सहयोगियों ने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया। अभी तक किसी ने जमानत याचिका दाखिल नहीं की है, लेकिन जल्द ही ऐसा किया जाएगा। 11 अप्रैल को पुलिस ने इस मामले से जुड़े 11 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापों के दौरान 10.5 लाख रुपये नकद, 77.5 लाख के खाली चेक, जमीन हड़पने से संबंधित 14 दस्तावेज, 17 चेकबुक, पांच स्टांप पेपर, छह पेन ड्राइव और वॉकी-टॉकी समेत कई अहम साक्ष्य बरामद किए गए।

### दिल्ली में हर 70 पार बुजुर्ग को मिलेगा 'आयुष्मान कार्ड' ,अप्रैल के अंत तक लागू होगी योजना

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली सरकार अप्रैल के अंत तक 70 साल से अधिक उम्र के सभी के लोगों के लिए 'आयुष्मान कार्ड' लॉन्च करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्य और केंद्र सरकार के विधायक और अधिकारी मौजूद थे। यह पहल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हर परिवार को साल भर में 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देना है, ताकि वे माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पतालों में इलाज करा सकें।

### हमे फर्क नहीं पड़ता, डोनाल्ड ट्रंप के 245 प्रतिशत टैरिफ हमले पर चीन के आया ये जवाब

**बीजिंग ,एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से चीन के ऊपर लगाए गए 245 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चीन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बीजिंग की तरफ टैरिफ को बढ़ाने के फैसले पर तंज कसते हुए कहा गया कि ट्रंप प्रशासन द्वारा चीनी आयात पर लगाया गया यह टैरिफ अब तर्कसंगत नहीं है, इससे अब ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। चीन इस व्यापारिक युद्ध में शामिल नहीं होना चाहता है लेकिन इतना साफ है कि हम इससे डरते भी नहीं है। ऐसे व्यापारिक युद्धों का कोई विजेता नहीं होता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चीन की तरफ से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अमेरिका द्वारा उसके ऊपर लगाए गए टैरिफ केवल अब आंकड़ों का खेल बन चुके हैं। इन टैरिफ्स का असर आर्थिक रूप से नहीं पड़ेगा। दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन की तरफ से लिए गए इस फैसले से यह साफ हो गया है कि कैसे अमेरिका दूसरों को डराने-धमकाने और मजबूर करने के लिए टैरिफ का उपयोग एक हथियार के रूप में करता है।

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, सुप्रीम कोर्ट से राहत
## कहा:जिनका नाम स्कैम में नहीं, नई प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाएं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को करीब 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा- जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनका नाम 2016 के घोटाले मामले में नहीं आया हो। कोर्ट ने कहा- हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा- बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (SSC) को 31 मई तक भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी करना होगा। 31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। बंगाल सरकार और स्स्ष्ट को 31 मई तक भर्ती का विज्ञापन जारी कर उसका पूरा शेड्यूल कोर्ट को सौंपना होगा। अगर तय समय में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो कोर्ट उचित कार्रवाई और जुर्माना लगाएगा।

हालांकि, ग्रुप C और ग्रुप D के नॉन टीचिंग स्टाफ के कर्मचारियों को राहत नहीं मिल है। कोर्ट ने कहा- इनमें से ज्यादातर कर्मचारियों पर आरोप



सिद्ध हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने 2016 की भर्ती के 25,753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। इधर, सुप्रीम कोर्ट से टीचरों को राहत दिए जाने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बर्खास्त शिक्षकों का कार्यकाल बढ़ाने के आदेश से वह खुश हैं। शिक्षकों से अनुरोध है कि वे चिंता न करें, समस्या का समाधान हो जाएगा।

### गुरुग्राम लैंड स्कैम, वाड्रा से 4 घंटे पूछताछ
## बोले: कल हॉलिडे न होता तो मैं बर्थडे ईडी ऑफिस में ही सेलिब्रेट कर रहा होता



**चंडीगढ,एजेंसी ।** गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से प्रवर्तन निदेशालय (ED) की गुरुवार को लगातार तीसरे दिन 4 घंटे पूछताछ की। वाड्रा से 3 दिन करीब 15 घंटे तक पूछताछ हुई। ED ऑफिस से बाहर निकलने के बाद वाड्रा ने कहा- मैं निडर हूं, खुद बता रहा हूं। मैं यदि बीजेपी में जाता हूं तो सारी कार्रवाई खत्म हो जाएगी। इनके वॉश रूम में साफ हो जाता है सब कुछ। मैं 2019 में भी इसी मामले में ईडी के सवालों के जवाब दे चुका हूं। करीब 15 बार जा चुका हूं, 10-10 घंटे मैंने सवालों के जवाब दिए हैं। वही सवाल इस बार भी पूछे जा रहे हैं। कोई नए सवाल हैं नहीं । हर चीज क्लियर है, सारे जवाब दिए जा रहे हैं। देखिए, अगर कल पब्लिक हॉलिडे नहीं होता है, तो मेरा जो जन्मदिन है, वह मैं ईडी के ऑफिस में ही सेलिब्रेट कर रहा होता। भगवान का शुक्र है, गुड फ्राइडे है तो मैं अपना जन्मदिन परिवार के साथ सेलिब्रेट करूंगा।

## महत्वपूर्ण पेयजल योजनाओं को समय से करें पूरा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर,एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम में पेयजल प्रबंधन एवं समर कंटीन्जेंसी प्लान को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्ययोजना के तहत आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला कलक्टर्स की अनुशंषा पर जिलों में पेयजल से संबंधित आकस्मिक कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचईडी अधिकारियों को फील्ड में रहकर जलापूर्ति की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नवीन नलकूप एवं हैण्डपंप लगाए जाएं। उन्होंने पेयजल



आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यकता के अनुसार टैंकरों के जरिए पेयजल परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पेयजल से संबंधित पाइपलाइनों, पुराने नलकूप एवं हैंडपंप के मरम्मत कार्यों को भी समय से पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

**कंट्रोल रूम के नंबरों का करें व्यापक प्रचार-प्रसार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए संचालित राज्य एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

## मिथुन बोले: ममता बनर्जी बंगाली हिंदुओं के लिए खतरा-उन्होंने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाया

### सीएम ने कहा था- मुर्शिदाबाद हिंसा भाजपा-बीएसफ की मिलीभगत

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून हिंसा विवाद के बीच भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा- ममता बनर्जी बंगाली हिंदुओं के लिए खतरा बन चुकी हैं। बंगाली हिंदू बेघर हैं, राहत शिविरों में खिचड़ी खाने को मजबूर हैं। उनका क्या दोष है। साथ ही उन्होंने कहा- राज्य में



भाजपा नहीं, ममता बनर्जी ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाया है। वो समुदायों के बीच अशांति पैदा कर रही हैं। दरअसल, बुधवार को ममता बनर्जी ने इमामों की सभा में कहा था- मुर्शिदाबाद में हुआ दंगा प्री प्लांड था। इसमें भाजपा, BSF और सेंट्रल एजेंसीज की मिलीभगत थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में बुलाकर ये दंगे करवाए गए। साथ ही कहा- यूपी के सीएम योगी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। वह सबसे बड़े भोगी हैं। वहीं, ममता के आरोपों के जवाब में BSF के एक अधिकारी ने कहा- घुसपैठ कराकर हिंसा कराने की बात गलत है।

बांग्लादेश बॉर्डर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है। इधर पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद हिंसा की जांच के लिए स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठित कर दी है। टीम में नौ अधिकारी होंगे।

## निफट का नया कैंपस नवा रायपुर में : फैशन शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की बड़ी छलांग

### छोटे कारोबारियों के लिए बड़ा तोहफा लीज़ की ज़मीन और मालिकाना हक दोनों
### सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को परीक्षा

**रायपुर,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत देने वाला एक अहम फैसला लिया गया। बैठक में ÷छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025÷ के प्रारूप को मंजूरी दी गई। इस निर्णय के तहत 10 साल से



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट के बड़े फैसले

अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारी को माफ किया जाएगा। इसका लाभ प्रदेश के लगभग 40 हजार छोटे व्यापारियों को मिलेगा। साथ ही इससे न्यायालयों में चल रहे 62 हजार से अधिक मुकदमे खत्म होंगे या कम होंगे, जिससे न्याय प्रक्रिया में भी तेजी आएगी।सरकार का मानना है कि यह फैसला न केवल व्यापारियों को राहत देगा, बल्कि प्रदेश में व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाकर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। प्रदेश सरकार ने राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि आबंटन किये जाने की भी सहमति दी है। छत्तीसगढ़ के स्थानीय अभ्यर्थी जो लोक सेवा आयोग, व्यापम या विशेष चयन बोर्ड की परीक्षाओं में उपस्थित होते हैं, उन्हें उनकी भरी गई परीक्षा फीस वापस लौटाई जाएगी। इससे वे छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, उन्हें सीधा लाभ मिलेगा।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष-2026 तक देश होगा नक्सलवाद से मुक्त : केन्द्रीय मंत्री श्री शाह

### केन्द्रीय मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच में सीआरपीएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल
### विशिष्ट सेवाओं के लिये सुरक्षा बल कर्मियों को किया पुरस्कृत
### देश की आंतरित सुरक्षा में सीआरपीएफ का अदम्य साहस और समर्पण सराहनीय

**भोपाल,ब्यूरो।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उनके मार्गदर्शन में वर्ष 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। इस प्रण को पूरा करने में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से



चुनाव संपन्न कराए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जहां जरूरत होती है, सीआरपीएफ के जवान सदैव कर्तव्य पथ पर तत्पर रहते हैं। देश का जब भी स्वर्णिम इतिहास लिखा जाएगा,




उसमें सीआरपीएफ के शहीदों के नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखे जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह गुरुवार को नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, सीआरपीएफ के महानिदेशक श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिह, क्षेत्र के लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर सहित जिले के तीनों विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के कर्मियों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सीआरपीएफ की आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, शांति स्थापना के कार्यों में निभाई गई भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि ÷जहां सीआरपीएफ है, वहां चिंता करने की कोई बात नहीं। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि आज सीआरपीएफ के 3 लाख जवान देश में कानून-व्यवस्था और शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं।

# नलजल योजनाओं का संचालन एसएचजी को सौपे-डीएम

## नलो में टोटी न लगाकर पानी का अपव्यय करने वालों पर करें कार्यवाही




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये कि नलजल योजनाओं के संचालन की व्यवस्था एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों को सौपी जायें। उन्होने कहा कि पंचायतों को हैंडओवर की गई, योजनाओं का संधारण कार्य पंचायत द्वारा ही किया जाये, लेकिन जलकर वसूली का कार्य एसएचजी को सौपा जायें, जिससे नलजल योजनाओं में पर्याप्त वसूली हो सकें। इसके साथ ही उन्होने निर्देश दिये कि ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए समस्याएं अथवा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल पेयजल समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि नलो में टोटी लगाने की समझाइश दी जायें, टोटी न लगाकर अनावश्यक रूप से पानी का अपव्यय करने वाले लोगों पर कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। पेयजल समस्या की संभावना वाले ग्रामों में पूर्व से ही प्रबंध सुनिश्चित कर लिये जायें। इसके लिए सिंगल फेस मोटर डाली जायें तथा जहां आवश्यकता हो राईजिंग पाईप बढाये जाये। जलस्तर बढाने के लिए रिचार्ज शाफ्ट के कार्य कराये जाये, जिन 85 कार्यो की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है, उन्हें शुरू कराया जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि शेष प्रगतिरत 129 कार्य जून तक पूर्ण किये जायें। कार्यपालन यंत्री श्री शुभम अग्रवाल ने बताया कि पीएचई द्वारा 315 ग्रामों में कार्य किया जा रहा है, जिसमें से 186 पूर्ण हो गई है तथा 129 प्रगतिरत है। उनमे से 60 योजनाओं में ट्यूबवैल से वाटर सप्लाई शुरू कर दी गई है, जबकि 69 में कार्य चल रहा है और जून तक पूर्ण कर लिया जायेंगा।

### वाटर सप्लाई बाधित करने वालों पर तत्काल कार्यवाही करें

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि वाटर सप्लाई बाधित करने वालों पर तत्काल कडी कार्यवाही की जायें, सार्वजनिक रूप से पेयजल की सप्लाई को बाधित करने से काफी लोगों को परेशानी उत्पन्न होती है। उल्लेखनीय है कि पीएचई अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ग्राम दुबडी में स्थित रोड से ग्राम गुरनावदा की नलजल योजना संचालित है, गत 17 मार्च को गांव के मुकेश मीणा द्वारा जानबूझकर बोर के क्लेम्प खोल दिये और मोटर बोर में ही गिरा दी, जिससे गुरनावदा की वाटर सप्लाई बाधित रही। मोटर गिरने से लगभग ढाई लाख रूपये का नुकसान हुआ है। उन्होने बताया कि इस मामले में गुरनावदा निवासी मुकेश मीणा के खिलाफ देहात थाना श्योपुर में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने पीएचई अधिकारियों को निर्देश दिये कि नुकसान की राशि ढाई रूपये वसूली का नोटिस संबंधित को एसडीएम अथवा तहसीलदार के माध्यम से भिजवाया जायें। उन्होने कहा कि इस प्रकार का कृत्य करने वाले लोगों पर तत्काल कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

# आजीविका पुस्तकालय और आजीविका ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

## ज्ञान दान अभियान किताबें दान करें, जीवन संवारें-सीईओ जिला पंचायत



**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका परियोजना ग्रामीण विकास विभाग भोपाल की सीईओ श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा जरूरतमंद एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक नई पहल की गई है, जिसके तहत सभी जिला मुख्यालयों पर एनआरएलएम अंतर्गत आजीविका पुस्तकालय और आजीविका ज्ञान केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में भी आज इसका शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। प्रगति समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र विकासखंड श्योपुर जिला श्योपुर में एनआरएलएम द्वारा जन सहयोग से 'ज्ञान दान अभियान' का शुभारंभ किया गया। आजीविका पुस्तकालय व आजीविका ज्ञान केंद्र का शुभारंभ करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को पढ़ने की बेहतर सुविधा एवं आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत ऐसे छात्र, छात्राएं जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके है वे अपनी किताबो और नोट्स दान कर सकते है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को लाभ एवं मार्गदर्शन मिल सके। उन्होने कहा कि कई प्रतिभाशाली छात्र अध्ययन सामग्री की कमी के कारण अपनी तैयारी पूरी नहीं कर पाते। आपकी एक छोटी सी पहल किसी के सपनों को नई दिशा दे सकती है। इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें यूपीएससी, पीएससी, बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तकें, सामान्य ज्ञान, संदर्भ पुस्तकें व मनोरंजन हेतु कहानियों की पुस्तकें आदि दान की जा सकती है। इसके पूर्व पुस्तकालय का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सरस्वती पूजन उपरांत फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में डीपीएम श्री डॉ.सोहन कृष्ण मुदगल श्री गिर्राज मीणा, श्री अभिषेक भाले, श्री प्रमोद रॉय, श्री रजनीश शर्मा, श्री जुगल सोनी, श्री हेमराज जाटव आदि स्टॉफ उपस्थित था। पुस्तकें दान हेतु श्री सोहन कृष्ण मुदग़ल मोबाइल 8349901905, श्री जुगल किशोर सोनी मोबाइल 8349901871 से संपर्क किया जा सकता है।

# 127 बीघा भूमि शासकीय दर्ज करने का आदेश पारित

**श्योपुर ब्यूरो।** न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा कूटरचित तरीके से स्वीकार किये गये व्यवस्थापन के मामलों में 15 लोगों की 124 बीघा भूमि को शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। न्यायालय अपर कलेक्टर श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा पारित आदेश के अनुसार निगरानी के प्रकरण में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अभिलेख जांच शाखा श्योपुर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार जिला अभिलेखागार में उपलब्ध प्रकरण क्रमांक 0004/2002-03/अ-19 ग्राम पटारी का परिशीलन किया गया, उक्त कूटरचित प्रकरण तहसीलदार कराहल का होकर प्रकरण से ग्राम पटारी की शासकीय भूमि पर अवैधानिक तरीके से अभिलेख में छेडछाड कर अनावेदकगणो के नाम व्यवस्थापन पट्टे स्वीकृत किये गये। उक्त प्रकरण में न्यायालय तहसीलदार कराहल द्वारा पारित आदेश दिनांक 21 नवंबर 2002 कूटरचित सिद्ध होने से आदेश को निरस्त कर 15 लोगों के नाम अंकित सर्वे नंबर की भूमि को शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है तथा तहसीलदार कराहल को आदेश का अमल करने के निर्देश दिये गये है। प्रकरण के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्थापन का प्रकरण कूटरचित तरीके से तैयार कर निजी व्यक्तियों को लाभ दिया गया है, उक्त प्रकरण क्रमांक में प्रथम आदेश पत्रिका 21 नवंबर 2002 पर कुछ सर्वे क्रमांक व रकबा हिन्दी में तो कुछ अंग्रेजी गिनती में अंकित है। इसके साथ ही व्यवस्थापन हेतु प्रस्तुत आवेदनो में सर्वे क्रमांक और रकबे में भिन्नता पाई गई है, इसके साथ ही कुछ आवेदको का भूमि पर कब्जा होने की तिथि और आयु में भी विसगति है, इसके साथ ही आवेदन पत्र एवं आदेश पत्रिका पर अनावेदको के हस्ताक्षर एवं पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर में भी भिन्नता है, जिन व्यक्तियो के नाम व्यवस्थापन स्वीकार किये गये है, वे व्यक्ति ग्राम के निवासी होने, भूमिहीन होने संबंधी दस्तावेज प्रकरण में संलग्न नही है। जिन लोगों के व्यवस्थापन निरस्त किये गये है, उनमें गिर्राज पुत्र जगदीश जाति ब्रम्हाण निवासी मोरावन, विजय पुत्र रमेश जाति ब्रम्हाण निवासी सेसईपुरा, परसराम पुत्र गोविन्द जाति ब्रम्हाण, अशोक पुत्र रामभरोसी जाति ब्रम्हाण, रवि पुत्र हरकिशोर जाति ब्रम्हाण, भूपेन्द्र पुत्र मान सिंह गुर्जर, प्रताप पुत्र मान सिंह गुर्जर, रामदुलारी पत्नि मान सिंह गुर्जर, विशाल पुत्र रविन्द्र, नीतू पत्नि प्रताप, सुरेन्द्र पुत्र मान सिंह गुर्जर, रेखा पत्नि भूपेन्द्र, लायक सिंह पुत्र प्रीतम गुर्जर, भागीरथ गुर्जर पुत्र प्रीतम गुर्जर एवं रामनाथ पुत्र प्रीतम गुर्जर निवासी पटारी के नाम शामिल है।

# बडौदा में एक्स-रे मशीन का संचालन शुरू

## कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि 70 प्लस बुजुर्गो के आयुष्मान बनाने के साथ-साथ ही सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें, इसके साथ ही सामुदायिक एवं प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू किया जायें। इस दौरान सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने जानकारी दी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा में एक्स-रे मशीन का संचालन शुरू कर दिया गया है, यहां टेक्निशियन की व्यवस्था कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि 70 प्लस के शेष दो हजार हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जायें। इसके साथ ही सभी पात्र हितग्राहियों जिनके आयुष्मान अभी तक नही बने है, उनके कार्ड बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होने जिला जेल में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने ब्लॉक मेडिकल आफिसर को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में टीकाकरण सत्रों पर निगरानी रखी जायें तथा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान सभी अपेक्षित हितग्राहियों को टीके लगाये जायें। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए सभी अस्पतालों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में अलर्ट रखा जायें तथा उल्टी, दस्त आदि के केस आने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उपचार सुनिश्चित किया जायें। बीएमओ विशेष रूप से इस प्रकार के मामलो में निगरानी रखें तथा किसी स्थान या बस्ती से इस प्रकार के केस अधिक आये तो गांव में जाकर कैम्प करते हुए केस हिस्ट्री का पता लगाये और उपचार की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# आंगनबाडी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन की मॉनीटरिंग करने के निर्देश

## सांझा चूल्हा कार्यक्रम अंतर्गत केन्द्रों में भोजन न देने वाले समूहों पर कार्यवाही करें




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि जिले में संचालित आंगनबाडी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार किया जायें, मैन्यू अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जायें तथा ऐसे समूह जो सांझा चूल्हा कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल एवं आंगनबाडी केन्द्रों में भोजन उपलब्ध कराते है, वे आंगनबाडियों को एमडीएम उपलब्ध नही कराते है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि सुपरवाईजर तथा सीडीपीओ नियमित रूप से पोषण आहार वितरण व्यवस्था की निगरानी करें तथा पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करें। पोषण आहार फीडिंग कार्य में कराहल परियोजना द्वारा 77.9 प्रतिशत फीडिंग की गई है, जिन परियोजनाओं में 50 प्रतिशत से कम फीडिंग हुई है, एक सप्ताह में पूरी की जायें। इसके साथ ही निर्देश दिये गये कि आंगनबाडी केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान ऐसे बच्चे जो स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर है, उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने का कार्य किया जायें। सांझा चूल्हा कार्यक्रम अंतर्गत ऐसे समूहों की सूची तैयार की जाये, जिनके पास स्कूल एवं आंगनबाडी केन्द्रों पर एमडीएम का दायित्व है, ऐसे समूह यदि रसोईया के पारिश्रमिक का बहाना बनाकर मध्यान्ह भोजन नही देते है तो उन्हें स्कूल के कार्य से भी अलग करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने निर्देश दिये कि विभिन्न विभागो के जिला अधिकारियों को आंगनबाडी केन्द्रों के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी जाये तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त किया जायें। इस प्रतिवेदन के आधार पर लापरवाही बरतने वाले समूहों के साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर पर भी कार्यवाही की जायेगी। महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 अंतर्गत 6 हजार 377 के वार्षिक लक्ष्य की उपलब्धी 5 हजार 750 हितग्राही रही है। यह उपलब्धी 90.17 प्रतिशत है।

# कोई बच्चा बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त मिलता है तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस, महिला बाल विकास विभाग को सूचना दें

## बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित दल ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित, प्रमुख चौराहों पर किया भ्रमण किया




**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पवन तिवारी के निर्देशन में बाल भिक्षावृत्ति अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत द्वितीय चरण बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित दल द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहा पर भ्रमण किया गया है और प्रचार प्रसार के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु पोस्टर पेम्पलेट बांटे गए हैं प्रमुख चौराहों पर बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के पेम्पलेट, पोस्टर, कैलेंडर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है और उक्त दल रास्तों में मिलने वाले विभिन्न दुकानों, चौराहों पर विभिन्न दुकानों, बस स्टैंड पर रेलवे स्टेशनों , जिले में संचालित मेले में विभिन्न दुकानों आसपास रहने वाले लोगों से भी सतत् समन्वय कर बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कर रहा है और सभी को समझाइश दी कि यदि उनके आसपास नजदीक कोई बच्चा बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त मिलता है तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस, महिला बाल विकास विभाग को सूचना देकर बच्चों के संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। अभियान में महिला बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी अनिल शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता संजय मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता कु.विनीता मौर्य, श्रम विभाग से श्री प्रमोद मीणा , पुलिस विभाग से विशेष किशोर, पुलिस इकाई से मुन्ना सिंह नरवरिया, योगेंद्र बब्बर एवं जहां भी दल अभियान के लिए जाता है संबंधित थाने के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी दल को सहयोग हेतु उपस्थित रहते हैं बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु यह कार्यवाही 30 अप्रैल तक निरंतर संचालित होगी।

# चाणक्य पब्लिक स्कूल, भिण्ड में हुआ जागरुकता शिविर संपन्न



**भिण्ड ब्यूरो।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं श्री उमेश पाण्डव प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के निर्देशानुसार एवं सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के कुशल मार्गदर्शन में चाणक्य पब्लिक स्कूल, भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उक्त शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित श्री पंकज चतुर्वेदी, जिला न्यायाधीश भिण्ड द्वारा विद्यालया के छात्र-छात्राओं को एसिड अटैक पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना, 2016 के अंतर्गत पीडित प्रतिकर स्कीम में वर्णित तेजाब और यौन पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे, विधिक सहायता एवं एसिड अटैक और बलात्कार पीड़ित के पुर्नवास के लिए सरकार द्वारा प्रतिकर के संबंध में क्या-क्या कार्यवाही की जाती है, के बारें में जानकारी प्रदाय की गई। इसके अतिरिक्त श्री देवेश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 के संबंध में भी जानकारी दी तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चें नियमानुसार निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पात्र है जिसका लाभ वे स्वंय या अपने अभिभावक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर/ पत्र के माध्यम से या टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। उक्त अवसर पर श्री हनुमंत बौहरे, चीफ एलएडीसी, श्री अमित थापक, असिस्टेंट एलएडीसी अधिवक्ता एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री बृजेश सिंह भदौरिया एवं विद्यालय के समस्त अध्यापकगण एवं श्री सुनीता देवी, पीएलव्ही भिण्ड उपस्थित रहें।

# जल बनाया नहीं जा सकता, केवल बचाया जा सकता है - मंत्री श्री राकेश शुक्ला

## नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने ग्राम सिमार में अमृत सरोवर तालाब एवं सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



**भिण्ड ब्यूरो।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने विकासखण्ड मेहगांव की ग्राम पंचायत सिमार में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक नवीन अमृत सरोवर तालाब एवं 25 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन ग्राम सांदूरी का भूमिपूजन किया। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् उपस्थित जनों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ भी दिलाई। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार के विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में यह हमारा दायित्व है कि प्रकृति संरक्षण के सामुदायिक प्रयास किये जाएं। जल को संरक्षित करने में शासन-प्रशासन के साथ जनभागीदारी आवश्यक है। हमारे इन्हीं प्रयासों से आगामी समय में जल संकट से मुक्ति मिल सकती है एवं सिंचाई के लिए भरपूर पानी की उपलब्धता हो सकती है। उन्होंने कहा कि जल बनाया नहीं जा सकता इसको केवल बचाया जा सकता है। जल हमारे जीवन का आधार है। इसके बिना जीवन सम्भव नहीं है। जल को हम केवल संरक्षित करके रखें तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां इसका उपयोग कर पाएंगी।

# जिले में 03 दिवसीय पुस्तक मेले का होगा आयोजन

**20 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक कम्यूनिटी हॉल मेला परिसर में आयोजित होगा, नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ में क्रय किये जाने वाली पुस्तकें, कॉपी, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर सुलभ उपलब्धता कराए जाने हेतु लगाया जा रहा है पुस्तक मेला**

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने निर्देशित कर कहा है कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 दिनांक 01 अप्रैल 2025 से शुरू होने से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में पठनध्पाठन प्रारम्भ हो गया है।

निजी विद्यालयों के लिये स्कूल शिक्षा विभाग का मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं मध्यप्रदेश में निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2020 प्रभावशील है। नियम 2020 की धारा-6 में प्रावधान है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनीफॉर्म, टाई, बेल्ट, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित बिक्रेताओं से क्रय करने के लिये औपचारिक या अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जायेगा। छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार में क्रय करने के लिये स्वतंत्र होंगे। जिले में इस संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुये विभाग द्वारा दिनांक 01 अप्रैल से अधिनियम 2017 तथा नियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। अधिनियम 2014 एवं नियम 2020 के प्रावधानों का सम्यक रूप से पालन में पुस्तक मेले का आयोजन किया जाना है। पुस्तक मेले का उद्देश्य नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ में क्रय किये जाने वाले पुस्तकें, कॉपी, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर उपलब्धता सुलभ हो। जिले में 03 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाना है जो दिनांक 20 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक कम्यूनिटी हॉल मेला परिसर में किया जायेगा। जिसमें समस्त पुस्तकों के प्रकाशक, समस्त पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता, समस्त यूनिफॉर्म विक्रेता, समस्त सह शैक्षणिक सामग्री विक्रेता भिण्ड पुस्तकों सह शैक्षणिक सामग्री यूनीफॉर्म आदि की दुकानें लगाकर भागीदारी करना सुनिश्चत करें। पुस्तक मेले में उपरोक्त सामग्री की सुलभ उपलब्धता के बारे में अभिभावकों को सूचना हेतु प्रचार-प्रसार करायें।

# अंबेडकर जयंती पखवाडा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में विभिन्न प्रस्फुटन एवं नंवाकुर संस्थाओं द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर जी पर केन्द्रीत विचारों, जीवन परिचय तथा सामाजिक समरसता के लिए दिये गये योगदान पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी उपलक्ष्य में ग्राम कुडायथा में प्रस्फुटन समिति कुडायथा द्वारा भारत माता के महान सपूत डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। समिति द्वारा ग्रामवासियों को डॉ अंबेडकर के जीवन एवं भारतीय संविधान के निर्माण में दिये गये महत्वपूर्ण योगदान और शिक्षा के शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रस्फुटन समिति के सचिव श्री देवकीनंदन मीणा और अध्यक्ष श्री गिर्राज मीणा और ग्राम पंचायत के सचिव श्री मुकेश बैरवा, श्री रामनिवास मीणा और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिले में पात्र परिवारों के समस्त सदस्यों की 30 अप्रैल तक ईकेवाईसी कराया जाना अनिवार्य

## ईकेवाईसी से शेष रह गए सदस्य को आगामी माह से नहीं दिया जाएगा खाद्यान्न

**भिण्ड ब्यूरो।** जिला आपूर्ति अधिकारी भिण्ड ने बताया है कि शासन निर्देशानुसार जिले में पात्र परिवारों के समस्त सदस्यों की ईकेवाईसी कराया जाना है। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि 30 अप्रैल 2025 तक शत्-प्रतिशत सदस्यों की ईकेवाईसी कराया जाना अनिवार्य है, जो भी सदस्य ईकेवाईसी से शेष रह जायेगा उसको आगामी माह से खाद्यान्न प्रदाय नहीं किया जावेगा। ईकेवाईसी कराने हेतु जिले में कुल 576 दुकानों में से किसी भी निकटतम दुकान पर जाकर अपनी समग्र आईडी एवं आधार कार्ड ले जाकर विक्रेता से पीओएस मशीन के माध्यम से ईकेवाईसी कराई जायेगी। परिवार के जो सदस्य म0प्र0 के बाहर अन्य जिले में हैं वो म0प्र0 के किसी भी स्थान पर संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर ईकेवाईसी करा सकते हैं और जो सदस्य म0प्र0 से बाहर निवासरत हैं वह आईएमपीडीएस (प्डच्क्वै) पोर्टल पर ईकेवाईसी विकल्प से ईकेवाईसी करा सकते हैं, इस संबंध में सभी विक्रेताओं, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव को कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित किया जा चुका है। प्रतिदिन इसकी जिला स्तर से एवं अनुभाग स्तर से निगरानी एवं समीक्षा की जा रही है। वर्तमान में जिले में पात्र परिवारों के लगभग 10 लाख सदस्य हैं, जिसमें से 07 लाख सदस्यों की ईकेवाईसी पूर्ण हो चुकी है एवं 03 लाख सदस्यों की ईकेवाईसी शेष है, जिसमें से जो सदस्य मृत हो गये हैं, अपात्र हो गये हैं या अस्तित्व में नहीं हैं उनको नगर पालिकाध्पंचायत स्तर से विलोपित किया जायेगा।

# सभापति श्री तोमर ने दिव्यांग को दी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज तोमर के द्वारा एक दिव्यांग को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं हेलमेट का निशुल्क वितरण किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांग बेहद खुश नजर आया। क्योंकि दिव्यांग होने के कारण यह चलने में लगभग असमर्थ था। अब वह बिना किसी सहारे के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं तथा यह अपना छोटा-मोटा व्यवसाय भी कर सकते हैं ।

## तीन दिनों तक विशेष मुहिम चलाकर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का करें निराकरण

### एडीएम श्री सिंह ने भितरवार व चीनौर में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश



**ग्वालियर।** सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर आईं शिकायतों को गंभीरता से लें। अगले तीन दिनों तक विशेष मुहिम चलाकर 50 दिन से अधिक पुरानी शिकायतों का निराकरण करें। इस आशय के निर्देश अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह ने भितरवार व चीनौर में आयोजित हुई राजस्व अधिकारियों एवं आरआई व पटवारियों की संयुक्त बैठक में दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा भी बैठक में की। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से अपर जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने गुरुवार को भितरवार व चीनौर पहुँचकर अधिकरियों की बैठक ली। उन्होंने सभी तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि पटवारी स्तर तक प्राप्त सभी आवेदनों को आरसीएमएस में दर्ज कर उनका निराकरण कराएं। श्री सिंह ने निराकृत हो चुके नामांतरण व बटवारे सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के अमल पर भी विशेष बल दिया। साथ ही राजस्व प्रकरणों में इन्द्राज दुरस्ती का काम भी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम भितरवार श्री डी एन सिंह व दोनों तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा आरआई व पटवारी मौजूद थे।

## ग्वालियर पुलिस ने षिक्षा संस्थानों, छात्रावास, पार्क तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण कर युवतियों से की चर्चा और संदिग्धों को किया चेक



**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देष पर एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर एवं डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्षन में ग्वालियर पुलिस की ऊर्जा डेस्क द्वारा दिनांक 15.04.2025 से 07 दिन तक विषेष महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान तहत आज दिनांक 17.04.2025 को ऊर्जा डेस्क प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों एवं स्कूल व कोचिंग के बाहर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करेगी जो स्कूल-कॉलेज तथा कोचिंग संस्थानों के आसपास ग्रुप में खड़े होकर महिलाओं व युवतियों पर कमेंट या छींटाकशी करते हैं। आज दिनांक 17.04.2025 को थाना महाराजपुरा से उप निरीक्षक रश्मि भदौरिया, आरक्षक रजनी सिकरवार, आरक्षक सपना जादौन, आरक्षक नितिन गुर्जर, आरक्षक नागर गुर्जर एवं थाना स्टाफ द्वारा थाना महाराजपुरा क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कुशवाहा मार्केट स्थित एक्सट्रीम कोचिंग इंस्टिट्यूट में जाकर उपस्थित छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ में पूछा गया और घर से बाहर निकलते ही रोड़ पर आवारा किस्म के लड़कों के द्वारा उन्हें कोई परेशानी तो नहीं है इस संबंध में भी उनसे वार्तालाप की गई। उपस्थित छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर एवं बेटी की पेटी तथा 100 डायल के बारे में जानकारी दी गई। पैट्रोलिंग के दौरान कोचिंग के बाहर अनावष्यक खड़े लड़कों से पूछताछ कर उन्हें चेतावनी दी। आज अभियान के दौरान थाना जनकगंज से उप निरीक्षक अंकिता भार्गव, प्रधान आरक्षक पुष्प मुखर्जी, महिला आरक्षक अंतिमा तिवारी, शिखा शर्मा, आरती लोधी, रेणु जाट द्वारा थाना जनकगंज क्षेत्रान्तर्गत लेडीज पार्क के सामने खड़े होने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर समझाइश दी एवं पार्क के अंदर जाकर महिलाओं से बात की और उन्हे किसी भी परेशानी में महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं डॉयल 100 के बारे में बताया गया एवं महिला जागरूकता संबंधी पोस्टर वितरित किये गये। ग्वालियर पुलिस आज दिनांक 17.04.25 को थाना थाटीपुर क्षेत्रांतर्गत स्थित शासकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में जाकर उप निरीक्षक ऋतु सिकरवार, महिला आरक्षक नीलम भदौरिया, महिला आरक्षक सपना द्वारा उपस्थित बच्चियों से उनकी समस्याओं को सुना और कॉलेज व बाहर आते-जाते समय होने वाली समस्याओं को जाना तथा समाधान के संबंध में चर्चा की गई। महिला हेल्पलाइन एवं बेटी की पेटी के बारे में समझाईश दी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पूछताछ की गई। आज महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तीसरे दिन अति0 पुलिस अधीक्षक(पूर्व) श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे) एवं डीएसपी महिला शाखा श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में थाना बिजौली से उप निरीक्षक ज्योति शर्मा, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह द्वारा थाना बिजौली के अंतर्गत आने वाले विक्रांत कालेज में जाकर छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई एवं घर से बाहर निकलते ही रोड पर आवारा किस्म के लड़कों के द्वारा उन्हें कोई परेशानी तो नहीं है इस संबंध में उनसे बातचीत की गई तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में एवं बेटी की पेटी के बारे में समझाएं दी गई।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता सोनिया-राहुल गांधी का पुतला फूंका

### देश के नेशनल हेराल्ड मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदर्शन



**ग्वालियर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर दोनों नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। पुतला दहन के दौरान कार्यकताओं ने राहुल गांधी मुदार्बाद और राहुल गांधी चोर है के नारे लगाए। इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार की 5000 करोड़ से अधिक की संपत्ति को गांधी परिवार ने अपने नाम कर लिया और उसमें हुआ घोटाला अपने घर ले गए। देश की जनता अब उनसे हिसाब और जवाब मांग रही है। अब जब ईडी सही दिशा में जांच कर रही है, तब ये दोनों ईडी कार्यालय जाकर अधिकारियों को धमकाने और जांच को भटकाने का प्रयास कर रहे हैं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने देश को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी, सोनिया गांधी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन,आंदोलन और पुतला दहन किया जा रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने कहा कि देश के चर्चित नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का चार्जशीट में नाम आना और उसके बाद उनका यह कहना की जांच एजेंसियां पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रही है। उसके बाद हमारा यह कहना है कि ईडी देश की एक सर्वोच्च संस्था है, जो बड़े घोटालों को उजागर कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर घोटाले के आरोप उनकी ही सरकार के समय दर्ज किए गए थे। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अखबार को एक नकली संस्था ह्ययंग इंडियन लिमिटेडह्न बनाकर उसकी संपत्तियां हड़प ली। आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर देश की जांच एजेंसियों पर सवालिया निशान खड़ा करने वाली कांग्रेस और गांधीपरिवार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, जिला महामंत्री विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया,बृजेंद्र सिंह जादौन, राकेश माहौर,धर्मेन्द्र राणा, दीपक शर्मा, गिर्राज कंसाना,मुलायम सिंह, गिर्राज व्यास, धर्मेंद्र कुशवाहा, शैली शर्मा, नूतन श्रीवास्तव, अमित जादौन जितेंद्र घुरैया, भाजयुमो जिला महामंत्री राहुल भदौरिया, रोहित भाटिया, अमित जैन,प्रिंस मझवार, शैलू चौहान, अखिल राजौरिया, लखन तोमर, सुमित शर्मा, अंकित राजपूत, विवेक पाल, हिमांशु शर्मा, नीरज जैन, प्रतीक शर्मा, मोनू सिकरवार,मनोज राजपूत, रॉबिन शर्मा, मनोज शुक्ला, धर्मेंद्र यादव,सचिन कंसाना, यश पाराशर, हरिओम गौड, वंदना भूपेंद्र प्रेमी रूपेंद्र चौहान गौरव बाजपेई ऋषभ श्रीवास्तव सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## पवित्र अमरनाथ यात्रा के पंजीयन में तेजी लाने बनवाई एक और आईडी

### कलेक्टर श्रीमती चौहान ने श्राइन बोर्ड से चर्चा कर बनवाई आईडी, संयुक्त कलेक्टर श्री जैन को पंजाब नेशनल बैंक भेजकर व्यवस्था बेहतर कराई, अगले 45 दिन तक जारी रहेगा पंजीयन का काम



**ग्वालियर।** पवित्र अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिये ग्वालियर में नया बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक में श्रद्धालुओं का ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन के दौरान अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन को मौके पर भेजकर व्यवस्था को बेहतर कराया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पंजीयन का काम तेजी से कराने के लिये श्राइन बोर्ड जम्मू से चर्चा कर एक और आईडी शुरू कराई है। साथ ही टोकन सिस्टम भी लागू करा दिया है। अब पंजीयन के लिये श्रद्धालुओं को लम्बी कतार लगाने की जरूरत नहीं रहेगी। वे टोकन के आधार पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। मौके पर पहुँचे संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन ने बताया कि दो आईडी शुरू हो जाने से अब प्रतिदिन औसतन 150 से 200 श्रद्धालुओं का पंजीयन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये पंजाब नेशनल बैंक के समीप टेंट लगवाया गया है। साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी करा दी गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये टोकन सिस्टम भी लागू करा दिया गया है। श्री जैन ने बताया कि पंजीयन का काम अगले 45 दिन तक जारी रहेगा। इसलिये श्रद्धालु धैर्य रखें और सुविधाजनक तरीके से अपना पंजीयन कराएँ।

## थाना करहिया पुलिस ने ग्राम चमेली का चक कंजरों के डेरा से 560 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने वाली भट्टियां की जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देष पर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार तथा अवैध शराब की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफप्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 17.04.2025 को जरिये मुखबिर सूचना मिली की एक व्यक्ति ग्राम चमेली के चक में सरकारी नाले के पास भारी मात्रा मे अवैध शराब का निर्माण कर रहा है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) श्री निरंजन शर्मा द्वारा थाना प्रभारी करहिया को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों परिपालन में एसडीओपी भितरवार श्री जितेंद्र नगाइच के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी करहिया उनि0 देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना बल की टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान चमेली का चक ग्राम दुबही में सरकारी नाले के पास कंजरों का डेरा पर दबिश दी तो एक व्यक्ति अवैध शराब का निर्माण कार्य छोड़ पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने लगा तो उसका पीछा किया गया लेकिन वह जंगल और भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस द्वारा मौके पर तलाशी ली गई तो वहां 06 सफेद रंग की टकियों में गुड़लहान करीब 2500 लीटर एवं 07 ड्रम नीले रंग के 200 लीटर की क्षमता के जिनमे 02 ड्रम फूल-200-200 लीटर ( कुल 400) लीटर व एक ड्रम आधा करीबन 100 लीटर एवं दो नीले रंग की प्लास्टिक की कट्टियों में 30-30 लीटर कुल 560 लीटर करीबन द्रव भरा मिला। जिसे मौके पर चेक करने पर कच्ची हाथ भट्टी की शराब होना पाई गई एवं मौके पर 03 लोहे की भट्टिया जिनमें अवैध शराब निर्माण सामग्री (लहान) होकर रखे हुये थे, मौके पर शराब व गुड लाहन एवं 06 टंकियों व लोहे की तीन भट्टियां में भरे हुये गुड़ लहान को मौके पर फैलाकर नष्ट किया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा पुनः फरार आरोपी निवासी चमेली का चक की तलाश आसपास की गई परन्तु नही मिला। उक्त फरार आरोपी का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय होने से मौके पर मिली कच्ची शराब की भरी हुई दो प्लास्टिक की कैन एवं शराब से भरे हुये 02 नीले रंग ड्रम फुल भरे हुए एवं 01 आधा भरा हुआ, 03 शराब बनाने वाली लोहे की भट्टियां, 06 टंकिया जिनमे लहान भरा हुआ था एवं शराब भरने हेतु रखे हुये 04 खाली ड्रम मौके से विधिवत जप्त किये गये।

**जप्त मषरूकाः-** कुल 560 लीटर कच्ची शराब की भरी हुई दो प्लास्टिक की कैन एवं 02 नीले रंग के ड्रम फुल भरे हुए एवं 01 आधा भरा हुआ तथा 03 शराब बनाने वाली लोहे की भट्टियां, 06 टंकिया जिनमे लहान भरा हुआ था एवं शराब भरने हेतु रखे हुये 04 खाली ड्रम मौके से विधिवत जप्त किये गये। कुल जप्त मषरूका कीमती 01 लाख 25 हजार रूपये।



**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी करहिया उनि देवेन्द्र सिंह, सउनि कप्तान सिंह, आर. अरविन्द रावत, मनोज, राजाभैया गुर्जर, जितेन्द्र कष्यप, कुलदीप गुर्जर मआर. स्वदेश की सराहनीय भूमिका रही।

## महापौर डॉ. सिकरवार ने सन् 1944 में शहीद हुए फायर बिग्रेड कर्मचारियों को दी श्रद्धांजलि

### फायर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**ग्वालियर।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस एवं अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम में सन् 1944 में शहीद हुए फायर बिग्रेड कर्मचारियों को महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने श्रद्धांजलि अर्पित कर फायर बिग्रेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपनेता सत्तापक्ष श्री मंगल भैया योगेन्द्र, एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्रीमती गायत्री सुधीर मंडेलिया, श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि श्री जंडेल सिंह, उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान, सहायक खेल अधिकारी सुश्री विजेता सिंह चौहान सहित सभी फायर बिग्रेड कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर डॉ. सिकरवार ने कहा कि फायर कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्य काफी सराहनीय हैं। आपके कारण ही अग्नि दुर्घटनाओं से शहर सुरक्षित है, आपका कार्य हर कोई नहीं कर सकता है। कई बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं में आपने बड़ी सफलता से विजय पाई है। इसके साथ ही महापौर डॉ. शोभ सतीश सिंह सिकरवार ने फायर विभाग में अच्छा कार्य करने वाले फायर कर्मियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया। दिनांक 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक मुंबई में पानी के जहाज पर सेना की विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। भरी हुई सामग्री में आग लग जाने पर बॉम्बे फायर ब्रिगेड के 100 अधिकारी,कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण पाने के लिये भेजा गया। किन्तु आगजनी की घटना इतनी बड़ी थी कि अग्निकांड में 66 फायर सर्विस के कर्मचारी आग पर नियंत्रण पाने में शहीद हो गये । उनकी याद में यह दिवस दिनांक 14 अप्रैल से 20 अप्रैल के मध्य शहीदों की श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

**महापौर ने फायर बिग्रेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

महापौर डॉ. शोभ सतीश सिंह सिकरवार एवं अतिथियों द्वारा फायर ब्रिगेड के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन शहर के मुख्य मार्गो पर जन-जागरूकता रैली निकालकर फायर वाहनों एवं अग्निशमन उपकरणों का उपयोग आम नागरिकों के समक्ष प्रदर्शन किया।

## सभापति श्री तोमर ने शा. मा. वि. दाना ओली को फर्नीचर एवं पंखे दिए

**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज सिंह तोमर द्वारा आमखो शासकीय माध्यमिक विद्यालय ब्रांच दाना ओली पर बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर एवं पंखे की व्यवस्था वार्ड समिति क्रमांक 10 की निधि से की गई। सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय ब्रांच दाना ओली विद्यालय की मांग पर छात्रों के बैठने के लिए फर्नीचर एवं पंखों की व्यवस्था अपनी निधि से की गई। इस अवसर पर सभापति श्री तोमर ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में छात्रों को वातानुकूलित वातावरण में अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए सभी प्रयास किए जाएंगे, आगे भी विद्यालय की मांग अनुसार सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री यादव की मौजूदगी में प्रारंभ होगी 'वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

### विकसित भारत -2047 के लक्ष्य में वनों की भूमिका को लेकर होगा मंथन जनजातीय जीवन और प्रकृति पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूँगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### प्रमुख विषय - वन संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक प्रबंधन

राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे। कार्यशाला में डॉ. योगेश गोखले, डॉ. राजेन्द्र दहातोंडे आदि वक्ता विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

### राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन राज्यपाल श्री पटेल समापन सत्र को करेंगे संबोधित

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष श्री हर्ष चौहान समापन वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में वनीकरण, जलवायु संवेदनशीलता और वनवासी समुदायों की समावेशी भागीदारी पर केन्द्रित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत -2047 के दृष्टिकोण में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला वनों, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों और जनजातीय आजीविका को केंद्र में रखते हुए एक सतत और न्यायसंगत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## जयारोग्य चिकित्सालय में कारडियो थोरोसिक, बेसक्यूलर सर्जरी तथा बायपास सर्जरी विभाग प्रारंभ किये जाने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा केबीनेट में प्रस्ताव पारित किये जाने पर पूर्व मंत्री ने दी बधाई

**ग्वालियर,कांस।** अप्रैल 2025 म.प्र. के केबीनेट मंत्री एवं म.प्र. पूर्व संचालक मण्डल के उपाध्यक्ष श्री भगवान सिंह यादव ने ग्वा. पूर्व सिन्धिया स्टेट के ग्वा. चम्बल संभाग के 8 जिले के किसी भी शा. अस्पताल में मरीजों के बायपास सर्जरी हेतु कोई भी व्यवस्था नहीं है इसके साथ ही आसपास के जिलों उरई, झांसी, इटावा, टीकमगढ़, छतरपुर, भरतपुर, धौलपुर आदि क्षेत्रों के की जनता हेतु बायपास सर्जरी हेतु बायपास की व्यवस्था ना होने के कारण करीब 8 करोड़ जनता को परेशानी उठानी पड़ती है, और उन्हें ग्वालियर के बाहर इलाज हेतु जाना पड़ता है जो बहुत मंहगा पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु मान. मु0 मंत्री द्वारा हाल ही में आयोजित केबीनेट में प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिये जाने हेतु हार्दिक बधाई दी है।

**पूर्व केबीनेट मंत्री एवं आभारकर्ता**

श्री यादव ने मरीजों के हित में बायपास सर्जरी स्थापना प्रारंभ कराने हेतु फरवरी 2024 में 85 पृष्ठों का ज्ञापन जयारोग्य चिकित्सा समूह ग्वा. के कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत रस्तोगी एवं मेडीकल कॉलेज ग्वा. के डीन डॉ. आर.के.एस. धाकड़ द्वारा प्रस्तुत प्रारूप बनवाकर प्रदेश के मान. मु0मंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रस्तुत किया गया था। उक्त मरीजों की वायपास सर्जरी की समस्या के निदान हेतु ग्वालियर में जयारोग्य चिकित्सा समूह में स्थापना करवाने हेतु . मु0मंत्री से अनुरोध किया है तथा इस बारे में सर्वप्रथम केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिन्धिया, केबीनेट मंत्री एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व में पूर्व मु0मंत्री श्री कमलनाथ,. श्री दिग्विजय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व मंत्री श्री अनूप मिश्रा एवं पूर्व केबीनेट मंत्री श्री अरूण यादव, पूर्व विपक्ष नेता श्री राहुल , पूर्व मंत्रीगण श्री नारायण सिंह कुशवाह, श्री राकेश शुक्ला, , मंत्री श्री तुलसी सिलावट, मंत्री श्री प्रद्युम्नसिंह तोमर, राज्यसभा सदस्य. श्री अशोक सिंह, ग्वालियर लोकसभा सदस्य . श्री भारत सिंह कुशवाह, पूर्व सांसद . श्री विवेक शेजवलकर, कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, विपक्ष नेता श्री उमंग सिंघार एवं विधायकगण . श्री मोहन सिंह राठौर एवं . श्री सुरेश राजे, . श्री अमरीश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बी.जे.पी. नेता श्री मेहन्द्र सिंह यादव ने भी उक्त समस्या के निदान हेतु मु0मंत्री से अनुरोध किया है। जनहित में केबीनेट में, मु0मंत्री की अध्यक्षता में उप मु0मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला, उप मु0मंत्री एवं वित्त मंत्री म श्री जगदीश देवड़ा तथा केबीनेट एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय तथा केबीनेट के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए जयारोग्य हास्पीटल ग्वालियर में हजारों मरीजों के हित में कार्डियो थोरोसिक विभाग व बायपास सर्जरी की स्थापना का निर्णय जनहित के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है।

## नरवाई प्रबंधन एवं ग्रीष्मकालीन धान की बजाय अन्य फसलों के प्रति किसानों को किया जागरूक

### जनपद पंचायत भितरवार के सभागार में हुई कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा




**ग्वालियर।** नरवाई प्रबंधन एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर कम पानी, कम लागत व कम समय में अच्छी पैदावार देने वाली फसलों के प्रति किसानों को आकर्षित करने के लिये जिले में कृषक जागरूकता कार्यक्रम व कृषक संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। इस कड़ी में गुरुवार को जनपद पंचायत भितरवार के सभागार में एक दिवसीय कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत भितरवार की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी नारायण सिंह राजे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने इस अवसर पर आह्वान किया कि पानी हमारी प्रमुख संपदा व जीवनदायी है। इसलिये पानी की बचत करें और धान की बजाय कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली फसलें उगाएं। कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालियर के वैज्ञानिक डॉ. राजीव चौहान ने कार्यक्रम में किसानों को धान की फसल के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मूँग एवं कद्दू वर्गीय फसलें लगाने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। भितरवार के एसडीएम श्री देवकीनंदन सिंह ने किसानों से कहा कि पराली जलाना हर तरह से हानिकारक है। साथ ही कानूनी रूप से भी उचित नहीं है।

उन्होंने कहा यदि किसी ने पराली जलाई तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री आर एस शाक्यवार ने किसानों से कहा कि नरवाई जलाने के बजाय हैप्पी सीडर के माध्यम से बुवाई करना चाहिए। इससे लागत भी कम आयेगी। साथ ही पराली का उपयोग खाद के रूप में होगा। उन्होंने किसानों की आय दोगुना करने के संबंध में भी उपयोगी बातें बताईं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ श्री एल एन पिप्पल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री रणवीर सिंह जाटव, कृषि यंत्री श्री जी एस मर्शकोले एवं सहायक कृषि यंत्री श्री त्रिलोकचंद पाटीदार ने कृषि यंत्रों से पराली को खेत में मिलाने की विधि, नवीन कृषि तकनीक, ग्रीष्म ऋतु में हरी खाद के लिये ढेंचा लगाने इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

## मध्यप्रदेश में गिद्ध संरक्षण को मिल रही नई दिशाः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन में नए आयाम जुड़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों का संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा के लिए आवश्यक है, अपितु पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है। प्रदेश में गिद्ध संरक्षण को भी नई दिशा दी जा रही है। भोपाल स्थित केरवा गिद्ध प्रजनन केन्द्र से 6 गिद्धों को बुधवार को पहली बार प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य सरकार ने गिद्धों सहित अन्य पशु पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास किए हैं। एशिया से लुप्त हो रहे चीतों के पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका के देशों से चीते लाकर कूनो अभ्यारण में उनका संरक्षण एवं संवर्धन किया गया । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक वातावरण में छोड़े गए गिद्धों पर जीपीएस ट्रैकर लगाए गए हैं,जिससे उनके आवागमन, व्यवहार एवं सुरक्षा की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

## संपादकीय

# रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने बड़ा कदम

भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्पति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी-दिसानायके वार्ता में 10 से ज्यादा ठोस परिणाम निकले और सबसे महत्त्वपूर्ण तो यह कि दोनों देश सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग को राजी हुए हैं। बेशक, यह फैसला दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसलिए भी कि यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के करीब 35 साल बाद हुआ है। भारत के लिए मोदी का श्रीलंका दौरा इसलिए भी सफल कहा जा सकता है कि दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा। जब-जब पड़ोसी चीन श्रीलंका के साथ दोस्ताना होता है, तब-तब भारत की पेशानी पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। लेकिन अब श्रीलंका से स्पष्ट आासन मिलने से भारत को बड़ी राहत का अहसास हुआ है। दरअसल, दोनों पड़ोसी देशों बीच ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और आत्मीयता से भरे संबंध रहे हैं, दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत है, दोनों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है, और दोनों परस्पर निर्भर कहे जा सकते हैं। दिसानायके इस बात से वाकिफ हैं। संभवतः यही कारण रहा कि राष्ट्पति बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मोदी को भी उन्होंने अपना पहला विदेशी मेहमान बनाया और उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से भी नवाजा। भारत भी श्रीलंका की मित्रता को खासा तवज्जो देता है, और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका दौरा था। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो या हाल में आया आर्थिक संकट हो, हर कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। श्रीलंका हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'महासागर' दृष्टिकोण से भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। अलबत्ता, श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं और भारतीय मछुआरों के श्रीलंका के जल क्षेत्र में पकड़े जाने जैसे विवादास्पद मुद्दे हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में भी दोनों पड़ोसी देश सफल होंगे।

# साहित्यिक व्हाट्सएप समूह को उपयोगी कैसे बनाएं

(विवेक रंजन श्रीवास्तव- विभूति फीचर्स)



कोरोना की वैश्विक दर्दनाक लहर के बाद से गूगल मीट, फेसबुक ,व्हाट्सअप पर ढेरों साहित्य समूह रचनात्मक कार्य कर रहे हैं। इन्हें ढर्रे से अलग बेहतर बनाने हेतु कुछ प्रयोग किए जा सकते हैं।

**सामग्री और गतिविधियों में विविधता -**

थीम-आधारित दिवस- उदाहरणस्वरूप- "काव्य मंगलवार", "लघुकथा शुक्रवार", या "प्रेरणा बुधवार" जैसे दैनिक/साप्ताहिक थीम बनाएं।

- "हैशटैग चैलेंज" (मेरीकलम से)-के तहत सदस्य अपनी रचनाएँ साझा करें।

- "श्रृंखला कथा"- एक सदस्य कहानी की शुरुआत करे, और अन्य इसे आगे बढ़ाएं।

- "एक पंक्ति कविता"- प्रत्येक सदस्य एक पंक्ति जोड़कर सामूहिक कविता रची जा सकती है।

-लाइव इंटरैक्शन- वॉइस नोट्स के माध्यम से "ऑडियो पाठ" सत्र सदस्य अपनी कविताएँ और कहानियाँ सुनाएँ।

- ÷क्विक राइटिंग चैलेंज÷- 10 मिनट में एक टॉपिक पर लिखकर साझा करना।

**प्रौद्योगिकी का उपयोग**

- समूह में बॉट जोड़ें- (जैसे "ट्विलियो" या "WATI") जो दैनिक रिमाइंडर, लेखन प्रॉम्प्ट या सदस्यों की उपलब्धियों (जैसे "सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ लेखन") की घोषणा कर सकता है।

- पोल्स और सर्वेक्षण- पुस्तक चयन, थीम निर्धारण, या सुझावों के लिए व्हाट्सएप पोल टूल का उपयोग किया जा सकता है।

-मल्टीमीडिया संसाधन - ई-बुक्स, राइटिंग टूल्स, या वर्कशॉप रिकॉर्डिंग्स को गूगल ड्राइव लिंक के रूप में साझा करें।

- कविताओं को इमेज/इन्फोग्राफिक्स के रूप में डिज़ाइन कर पोस्ट करना (कैन्वा जैसे टूल्स से)।

**भागीदारी बढ़ाने के उपाय**

- आभासी पुरस्कार और प्रतिस्पर्धा-

- "सदस्य का महीना" या "सर्वश्रेष्ठ रचना" जैसे खिताब दें।

- गेमिफिकेशन- लेखन चैलेंज पूरा करने वालों को "वर्चुअल बैज" (?) दें।

- मेहमान सत्र - स्थापित लेखकों/कवियों को समूह में आमंत्रित कर उनसे प्रश्नोत्तर सत्र (टेक्स्ट/वॉइस नोट्स के माध्यम से) आयोजित करें।

- फीडबैक लूप- इससे प्रयासों के फीड बैक लेकर गतिविधि सुधार हो सकता है।



- "समीक्षा गुरुवार"- सदस्य अपनी अधूरी रचनाएँ साझा करें, और समूह उन्हें पूरा करने हेतु सुझाव दे।

- नए युवा सदस्यों को अनुभवी सदस्यों से जोड़ें, तथा उनके मार्गदर्शन से युवा सीखें।

**प्रशासनिक नवाचार**

- रोलिंग मॉडरेटर्स- - प्रत्येक सप्ताह एक अलग सदस्य को समूह की गतिविधियों (जैसे थीम सेट करना, चैलेंज मॉनिटर करना) का जिम्मा दें।

- सब-ग्रुप्स बनाएँ। - विशेष रुचियों के लिए छोटे समूह (जैसे "कविता प्रेमी", "उपन्यास चर्चा") और मुख्य समूह में इन्हें प्रमोट करें।

- आर्काइविंग- समूह की श्रेष्ठ रचनाओं को मासिक "डिजिटल पत्रिका" (PDF/ब्लॉग) में संकलित कर साझा करें। इस प्रकार से हम व्हाट्स अप समूह की साहित्यिक गतिविधि को बेहतर तथा उपयोगी बना सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -021

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 020 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

# पंजाब में गौसेवा के नाम पर टैक्स वसूली,फिर भी बेहाल गौशालाएं

( सुभाष आनंद-विभूति फीचर्स )



आज पंजाब में गौ माता की स्थिति काफी दयनीय और चिंताजनक है जगह-जगह कूड़े पर मुंह मारती गाएं आप देख सकते हैं। जितनी गाएं गौशालाओं में हैं उससे दुगनी सड़कों पर बेसहारा घूम रही है। आम आदमी पार्टी ने चुनाव से पहले पशुओं की संभाल के बड़े-बड़े वायदे किए थे ,लेकिन सरकार बनने के तीन वर्ष बाद भी सरकार ने इन बेघर और बेसहारा गायों की सुध नहीं ली है। सरकारों ने इस मामले को कभी गंभीरता से नहीं लिया जबकि सरकार 2006 से काऊसेस के रूप में लोगों से लगातार टैक्स वसूल रही है। फिरोजपुर शहर- छावनी में तीन गौशालाएं हैं जो आर्थिक संकट से जूझ रही है। प्रत्येक वर्ष पंजाब में 80-90 करोड़ रुपए काऊसेस के रूप में एकत्रित किए जा रहे है। इस तरह अब तक 19 वर्षों में 200 करोड़ टैक्स सरकार इकट्ठा कर चुकी है। लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार अभी तक 20 फीसद पैसा भी पशुओं की बेहतरी के लिए खर्च नहीं किया जा सका। पंजाब में साल दर साल आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पंजाब की स्वयंसेवी संस्थाएं सीधे-सीधे भगवंत मान सरकार पर आरोप लगा रही हैं कि सरकार काऊसेस का दुरुपयोग कर रही है और इस फंड का अन्य कार्यों में उपयोग कर रही है। यह सीधा-सीधा पशुओं के साथ अन्याय ही है।अभी तक तो पंजाब सरकार के पशुपालन विभाग के पास पशुओं के हितों को लेकर कोई ठोस योजना ही नहीं है। आम आदमी पार्टी के किसी भी विधायक ने विधानसभा में पशुओं के बारे में कोई मुद्दा नहीं उठाया है । सरकारों की गलत नीतियों के कारण पंजाब की गौशालाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है,जब भी सरकार से गौशालाओं के सुधार की बात की जाती है तो वे अपना पीछा छुड़ाते हुए कह देती है कि गौशालाओं के सुधार का काम नगर परिषदों और नगर पालिकाओं का होता है। विचित्र बात तो यह है कि सभी ने इस समस्या से आंखें मूंदी हुई हैं। कोई यह भी नहीं पूछता कि सरकार के पास पशु हितों की कोई नीति नहीं है तो फिर काऊसेस क्यों इकट्ठा किया जा रहा है? राइट टू इनफॉर्मेशन एक्ट के अनुसार पंजाब में 460 छोटी बड़ी गौशालाएं चल रही हैं, यह सभी सरकार द्वारा पंजीकृत हैं। 20 जिलों में सरकारी गौशालाएं हैं, इसका प्रबंध जिले के डिप्टी कमिश्नर एवं संगठनों के हाथों में है। सरकार द्वारा आवारा पशुओं की संख्या 2 लाख से ऊपर बताई जा रही है, 2024 के आंकड़ों के अनुसार जितने पशु गौशालाओं में हैं उससे ज्यादा बाहर घूम रहे हैं। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सरकारी गौशालाओं में 1.95 लाख पशु रखे हुए हैं। उनके रहन-सहन और चारे का प्रबंध डिप्टी कमिश्नर करते हैं। इसके अतिरिक्त अनेक दानी सज्जन भी चारे की सेवा करते रहते हैं। पशु कई बार हादसों का शिकार होते हैं, फसलों का भी नुकसान करते हैं। पंजाब में पशुओं के सड़क पर आ जाने के कारण अनेक लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। कई बार सांडों की लड़ाई में कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा हैं। फिरोजपुर शहर में चौथी प्राइवेट गौशाला नेहरू स्टेडियम के सामने पुरानी तहसील में चल रही है ,वहां भी 100 से ज्यादा पशु देखे जा सकते हैं । सरकार काऊसेस से धन कमा रही है। सुनने में आया है कि पंजाब सरकार काऊसेस टैक्स का दायरा बढ़ाने की बात सोच रही है।

## सू- दोकू क्र.021

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.020 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब एंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आपको तरोताजा महसूस होगा। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे। परिवार से जुड़ी किसी समस्या का समाधान मिलेगा। कार्यों को पूरा करने में आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो सफल होंगे। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं। आज काम में मन लगेगा।

**मिथुन** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण घर पर तो समय व्यतीत नहीं कर पाएंगे, परंतु अपने बहुत से महत्वपूर्ण काम निपटाने में सफल होंगे। आज किसी भी प्रकार का लेनदेन करते समय सावधानी बरतें। आज बिजनेस में महत्वपूर्ण फैसला लेने से पहले किसी अनुभवी की सलाह लें। इस वक्त बाहरी गतिविधियों पर ज्यादा समय बीतेगा। काम को लेकर की गई महत्वपूर्ण यात्रा फायदेमंद होगी। आज आपको ऐसी बात पता चलेगी, जिसे जानकर आप सरप्राइस महसूस करेंगे।

**कर्क** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनाएंगे। आज आपको किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। आज घर में धार्मिक कार्यों का आयोजन होगा, जिससे खुशी का माहौल बना रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ आपके दोस्ताना रिश्ते मजबूत होंगे। मेहनत के अनुरूप आपको उचित परिणाम हासिल होंगे। भावनाओं में आकर निर्णय लेने से बचे, ऐसा करने से आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। आज ऑफिस के कार्य समय से पूरा करने में सफल होंगे। नया प्रोजेक्ट शुरू करने का प्लान बनाएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

**कन्या** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए। आज आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलता दिख रहा है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज नई जिम्मेदारी आपको मिलेगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आज कार्यस्थल पर दूसरे लोगों से वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है, आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवार वालों के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनाएंगे। आज नया काम सीखने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आज आपको सफलता प्राप्त होगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज भाइयों के साथ रिश्ते में मधुरता आएगी। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से आज आपको राहत मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक कार्य की योजना बनाएंगे। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आज आपका व्यापार रोज की अपेक्षा अच्छा चलेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। दोस्तों के साथ आज आप पार्टी करने का प्लान बनाएंगे।

**मकर** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी मुलाकात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आप पारिवारिक रिश्ते को महत्व देंगे। अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिलेगा। माता-पिता से दूर कहीं रहते हैं, तो पैतृक निवास की यात्रा हो सकती है। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। संतान को सफलता मिलने से आपकी खुशी में इजाफा होगा।

**मीन** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज कारोबार में चुनौतियां रहेंगी। बाहरी लोगों का दखल हो सकता है। बेहतर होगा सब कम अपनी देखरेख में ही करवाएं। आज आप कुछ समय धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आपके काम सुचारु रूप से संपन्न होते जाएंगे। घर पर कोई मांगलिक आयोजन कराने के बारे में सोच सकते हैं, जिससे घर में खुशहाली आयेगी। आज अचानक धन लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

## विश्व विरासत दिवस पर विशेष

# कला,संस्कृति और इतिहास का दर्शन है विरासत

**दुनिया के अनेक देशों की कला, संस्कृति और एतिहासिक स्मारकों के सबूत को जीवित रखने वाले स्थलों को विरासत या धरोहर कहा जाता है किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर या विरासत वह होती है जो उसके अतीत और गौरव गाथा को बयां करती हो।तात्कालिक समय में स्मारक और स्थल वह स्थान हैं जो अतीत की कहानी को आज तक समाहित किए हुए हैं। युद्ध, महापुरुष, कला और संस्कृति आदि को इतिहास के पन्नों पर दर्ज करने के साथ ही उनके सबूत के रूप में इन स्मारकों व स्थलों का सदैव जीवित रहना जरूरी है। इनके संरक्षण व प्रचार प्रसार के**

डॉ. केशव पाण्डेय



आज विश्व विरासत दिवस है द्य पूरी दुनिया में 18 अप्रैल को इसे मनाया जाता है,जिसका उद्देश्य दुनियाभर में स्थित ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस विश्व विरासत दिवस के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन हमें हमारी उन अमूल्य धरोहरों की याद दिलाता है जो न केवल अतीत की गौरवगाथा को समेटे हुए हैं, बल्कि आज भी हमारी सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न हिस्सा हैं। इस दिन को मनाने की शुरुआत विश्व स्मारक दिवस के तौर पर हुई थी। हालांकि बाद में यूनेस्को ने इस को विश्व धरोहर दिवस के रूप में बदल दियाद्य पहली बार 1968 में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने विश्व की सभी प्रसिद्ध इमारतों और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा का प्रस्ताव रखा था, जिसे स्टॉकहोम में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पारित किया गया। बाद में जब यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर की स्थापना हुई तो 18 अप्रैल 1978 में विश्व स्मारक दिवस मनाने की शुरुआत की गई। तब सिर्फ 12 स्थलों को ही विश्व स्मारक स्थलों की सूची में शामिल किया गया था। चार साल बाद 18 अप्रैल 1982 को ट्यूनीशिया में %इंटरनेशनल काउंसिल आफ मोनुमेंट्स एंड साइट्स% ने सबसे पहले विश्व धरोहर दिवस मनाया। नवंबर 1983 में यूनेस्को ने स्मारक दिवस को विश्व धरोहर दिवस के तौर पर मनाने की मंजूरी दी। उसके बाद हर साल 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस दुनियाभर में मनाया जाने लगाद्य

**यह दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है.. साल**

साल 2024 में विश्व विरासत दिवस की थीम विविधता की खोज और अनुभव थी। वहीं 2025 की थीम आपदाओं और संघर्षों से खतरे में पड़ी विरासत- ICOMOS की 60 वर्षों की कार्रवाइयों से तैयारी और सीख है

जब यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर



घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिस वजह से वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था को मिलता है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है। पहली बार जब विश्व स्मारक दिवस मनाया गया, उस वक्त 12 स्मारकों को शामिल किया गया लेकिन आज धरोहरों की सूची में कई स्मारक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का नाम है। अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं, कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति बैठती है और जगहों का चयन करती है। जगह का चयन करने के बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। भारत एक प्राचीन सभ्यता का धनी देश है, जहां हर राज्य, हर कोना कोई न कोई ऐतिहासिक कहानी बयाँ करता है। यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित भारत के 43 स्थलों में से कुछ उल्लेखनीय हैंद्य 1983 में भारत के महाराष्ट्र की एलोरा की गुफाओं को विश्व विरासत स्थल में पहली बार शामिल किया गया था। वहीं असम में स्थित मोइदम 43वीं विश्व धरोहर है। इनके अलावा आगरा का लाल किला, ताजमहल,खजुराहो के मंदिर, कुतुब मीनार, हंपी , सांची स्तूप, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, वेस्टर्न घाट्स, भीमबेटका की गुफाएं ङ्क ये सभी भारत की ऐतिहासिक, धार्मिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हैं महाबलीपुरम के रॉक-कट मंदिर,, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान,कोणार्क में सूर्य मंदिर, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान,मानस वन्यजीव अभयारण्य को भी धरोहर घोषित किया गया। फतेहपुर सीकरी, गोवा के चर्च, एलीफेंटा गुफा, चोल मंदिर, नंदा देवी और फूलों की घाटी, सांची के बौद्ध ,हुमायूं का मकबरा, बोधगया में महाबोधि मंदिर, चंपानेर-पावागढ़ ,छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, जयपुर जंतर मंतर,. गुजरात के पाटन में रानी की वाव, ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान, चंडीगढ़ का कैपिट कॉम्पलेक्स,कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान, नालंदा महाविहार, अहमदाबाद, विक्टोरियन गोथिक, जयपुर ,कालेश्वर (रामप्पा) मंदिर, धोलावीरा, शांति निकेतन, होयसल, अहोम राजवंश का टीला मोइदम भी भारत की धरोहर है भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में अनेक धरोहरें हैं जो सभ्यता के विकास, कला, वास्तुकला और विचारधारा के प्रमाण हैं इनमें माचू पिचू (पेरू), चीन की महान दीवार , पिरामिड्स ऑफ गीज़ा (मिस्र), अथेन्स का पर्थेनन (ग्रीस), स्टोनहेंज (इंग्लैंड), पेट्रा (जॉर्डन) और कोलोसियम (इटली) विश्व की प्रमुख हैं द्य आज आधुनिकता की दौड़ में कई विरासत स्थल उपेक्षित हो रहे हैं, कई प्रदूषण और अतिक्रमण का शिकार हैं। इनके संरक्षण हेतु सरकारी प्रयासों के साथ-साथ आम जनता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ये धरोहरें न केवल अतीत का प्रतिबिंब हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक शिक्षालय भी हैं।

भारत विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है, और इसकी विरासतें इसका प्रमाण हैं। मौजूदा परिवेश में इन धरोहर स्थलों पर जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, प्रदूषण और युद्ध जैसे संकट मंडरा रहे हैं। अतः केवल सरकारों की ही नहीं, आम जनता की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे इन धरोहरों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। क्योंकि विश्व विरासत दिवस केवल अतीत की प्रशंसा का दिन नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक संकल्प लेने का अवसर है, कि हम अपनी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संजोकर रखें, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसकी महिमा से परिचित हो सकें। ये धरोहरें न केवल हमारी पहचान हैं, बल्कि मानव सभ्यता की साझी संपत्ति भी हैं। गौरतलब है कि इस दिवस का आयोजन केवल आधिकारिक तौर पर सूचीबद्ध विरासत स्थलों को पहचान करना भर नहीं है।

इसमें वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय महत्व के सभी सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण परिदृश्यों को शामिल किया जाता है। विश्व में सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत स्थलों के संरक्षण और सुरक्षा के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। दिवस इन विरासत स्थलों की समृद्ध विविधता और अमूल्य योगदान की याद दिलाता है द्य साथ ही हमें यह स्मरण कराता है कि इन विरासतों को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने में हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। दुनिया भर में सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत स्थलों के संरक्षण और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। यह लोगों को इन अमूल्य खजानों द्वारा प्रस्तुत समृद्ध इतिहास, परंपराओं और जैव विविधता के बारे में शिक्षित करता है। दुनिया भर में सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत स्थलों के संरक्षण करके सतत पर्यटन को बढ़ावा देता है। स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के साथ ही इन स्थलों की सुरक्षा में स्थायी पर्यटन प्रथाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डालता है। वर्तमान में दुनियाभर में कुल 1199 वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स है। इनमें 933 सांस्कृतिक स्थल हैं, 227 प्राकृतिक स्थल हैं और 39 मिश्रित स्थल हैं। वहीं 56 धरोहर स्थल खतरे की सूची में शामिल हैं।

# भवन विहीन पंचायतों को बिना मांगे पंचायत भवन दूंगा : प्रभारी मंत्री






**रीवा,कासं.।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में पंच-सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। राष्ट्रपिता की परिकल्पना में पंचायतों का कर्तव्य महत्पूर्ण था। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया गया। पंचायत पदाधिकारी अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दें। विवाद और झगड़े से विकास के कार्य संभव नहीं हैं।

ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर और प्रशासनिक व्यवस्था से समन्वय बनाकर ही पंचायतों का विकास होगा। ग्राम पंचायतों को गांव की साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण, कचरा प्रबंधन, गंदे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शिक्षा के विकास, जल संरक्षण के कार्य तथा सामाजिक विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। जब हम आम नागरिकों को सुविधाएं देंगे तो व्यवस्था बनाने के लिए टैक्स भी लगाना होगा। पंचायत पदाधिकारियों से मैं लगातार संवाद कर रहा हूँ। ग्राम पंचायत की वास्तविकताओं का मुझे पूरा एहसास है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचायतों को सशक्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरपंचों की 15 लाख रुपए की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है।

15वें वित्त आयोग में हर पंचायत को पर्याप्त राशि दी जा रही है। राज्य वित्त आयोग से ग्राम पंचायतों को 1400 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस वर्ष मुख्यमंत्री जी ने इसे बढ़ाकर 6 हजार करोड़ रुपए कर दिया है। पंचायतों में अब राशि की कोई कमी नहीं है। हम जिस तरह अपने परिवार का वित्तीय प्रबंधन करते हैं उसी तरह ग्राम पंचायत का भी वित्तीय प्रबंधन करना होगा। ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारी पंचायतों के विकास की मंशा से कार्य कर रहे हैं। इनमें यदि कोई लापरवाही बरतेगा तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सरपंच और जनपद सदस्य अपनी कठिनाईयों से अवश्य अवगत कराएं। इन कठिनाईयों को दूर करके ही पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। कोरोना काल में कार्यों के बंद होने के कारण मजदूरी और मटेरियल के अनुपात में असंतुलन हो गया है। इसे विकासखण्ड स्तर से निर्धारित करके ठीक किया जा रहा है।

विकास के कार्य में राशि की कोई कमी नहीं है। भवन विहीन सभी ग्राम पंचायतों को बिना मांगे पंचायत भवन तथा सामुदायिक भवन दिया जा रहा है। जो पंचायत भवन 30 से 40 साल पुराने हो गए हैं उन्हें भी समिति से परीक्षण कराकर उसकी रिपोर्ट के अनुसार नया भवन दिया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रत्येक पंचायत पदाधिकारी और आमजन सक्रिय भूमिका निभाएं। नदियों के उद्गम स्थल को स्वच्छ बनाएं। अपने गांव के नदी और तालाबों की भी साफ-सफाई अवश्य करें। हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनवाएं जिससे उनके स्रोत में पानी की कमी न रहे। सम्मेलन के बाद प्रभारी मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण आहार प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद पंच-सरपंचों से संवाद का स्वागत योग्य अवसर आया है। जिले के प्रभारी मंत्री जी की पहल से ग्राम पंचायतों के विकास को गति मिलेगी। ग्राम पंचायतों का विकास होगा तभी रीवा का विकास संभव है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गांव के विकास के लिए पर्याप्त राशि प्रदान कर रहे हैं। रीवा जिले में केवल जल जीवन मिशन से ही तीन हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आवास प्लस का 98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो गया है। जिले में लाखों गरीब परिवारों को इनसे पक्के आवास मिले हैं।

बेसहारा गायों के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। गौशाला में प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 20 रुपए की राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 3500 डॉक्टरों और 10 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती इस माह अक्टूबर माह तक पूरी कर ली जाएगी। उप स्वास्थ्य केन्द्र तक टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। पंचायत पदाधिकारियों की जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें हल करके पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल ने सम्मेलन में कहा कि विवादों और नकारात्मक बातों को छोड़कर हम सब मिलकर पंचायतों और जिले के विकास के लिए प्रयास करें।

मुख्यमंत्री जी ने कोलगढ़ी के जीर्णोद्धार तथा रीवा में कोल मंगल भवन देकर अनुसूचित जनजाति का मान बढ़ाया है। पंच-सरपंच सम्मेलन में सरपंच भमरा ने पंचायतों की कठिनाईयों तथा सरपंच अजगरहा भूपेन्द्र सिंह ने नलजल योजना की सफलता की बात रखी। सम्मेलन में विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं बड़ी संख्या में पंचगण उपस्थित रहे।



## प्रभारी मंत्री ने आमजनों की समस्यायें सुनीं

**रीवा,कासं।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने रीवा जिले के प्रवास के दौरान सर्किट हाउस राजनिवास में स्थानीय जनों से भेंट की तथा आमजनों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों में संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने डॉ. योगानंद गिरी महाराज से आशिर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण के लिए जिले भर में किया जा रहा श्रमदान : हो रहे जागरूकता के कार्यक्रम




**रीवा,कासं.।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीवा और मऊगंज जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। महिला स्वसहायता समूहों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा गांव में जल रैली निकालकर जल संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। नदियों के उद्गम स्थल तथा अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रामनई में महादेव तालाब की सफाई तथा मेड़ के विस्तार का कार्य किया गया। रायपुर कर्चुलियान में मतहा तालाब में गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य किया गया। रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत उकठा में तीन कुंओं में रिचार्ज पिट का निर्माण कराया जा रहा है। इसी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सोंठा में चेकडैम के सुधार का कार्य किया गया। त्योंथर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घटेहा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमृत सरोवर निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इसमें प्रतिदिन श्रमदान किया जा रहा है। ग्राम पंचायत करही में रामरती कोल के घर के पास स्थित ट्यूबवेल में रिचार्ज पिट का निर्माण कराया गया। इसी पंचायत में रामलाल कोल के खेत में खेत तालाब का निर्माण शुरू किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जल संरक्षण के अलग-अलग तरह के कार्य जिले भर में किए जा रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला भवन देउपा कोठार में अभियान के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया गया है। जवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जोन्हा में गांव के परंपरागत तालाब का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खम्हरिया 17 में खेत तालाब का निर्माण शुरू किया गया है। जनपद पंचायत मऊगंज में उपयंत्री और सहायक यंत्री ने अमृत सरोवर खेत तालाब निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत उमरी में आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जल संगोष्ठी का आयोजन किया। महिलाओं ने स्थल का चयन कर वृक्षारोपण की तैयारी की। विकासखण्ड गंगेव की ग्राम पंचायत तिवनी में अटल सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। सहायक यंत्री अंकिता मिश्रा तथा उपयंत्री पवन गुप्ता ने ग्राम पंचायत पटपरा में चेक डैम निर्माण तथा ग्राम पंचायत सरैहा में तालाब निर्माण का निरीक्षण करके उनका निर्माण कार्य शुरू कराया। महिला स्वसहायता समूहों द्वारा जवा में नाले की साफ-सफाई कराई गई।

## युवा संगम कार्यक्रम 21 अप्रैल को आईटीआई रीवा में

**रीवा,कासं।** जिले के शासकीय आईटीआई रीवा में 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में जीएसएस आईएफएमएस प्रा. लि. जामनगर ए गुजरात, बैक्सी लिमिटेड नीमराना कोटा, टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी गुजरात, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. छत्तीसगढ, पेरेग्रीन गार्डिंग प्रा.लि. गुजरात, प्रतिभा सिन्टेक्स लि. पीथमपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के परिधान निर्यात में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 6.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि के लिए परिधान क्षेत्र अहम रहा। एक विश्लेषण से पता चलता है कि वस्त्र और परिधान के निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से परिधान निर्यात के कारण हुई है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान 10.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सीआईटीआई के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बीच परिधान निर्यात में मजबूत प्रदर्शन और वस्त्रों में स्थिर वृद्धि भारतीय वस्त्र और परिधान उद्योग की मजबूती, अनुकूलनशीलता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को उजागर करती है।उन्होंने इसका श्रेय 'नए व्यापार गठबंधन बनाने' की बढ़ती गति और सरकार द्वारा सहायक नीतिगत निर्णयों को दिया, जिससे निर्यातकों के बीच विश्वास पैदा करने में मदद मिली। मेहरा ने इस बात पर भी जोर दिया कि उद्योग इस वृद्धि को बनाए रखने को लेकर खासकर विकसित हो रहे वैश्विक व्यापार गतिशीलता को देखते हुए आशावादी बना हुआ है। उन्होंने कहा, अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार तनाव भारत के लिए खासकर कपड़ा और परिधान व्यापार में एक रणनीतिक अवसर प्रस्तुत करते हैं। अमेरिका द्वारा चीन से परे भारत एक विश्वसनीय और पसंदीदा भागीदार के रूप में उभरने की अच्छी स्थिति में है। हालांकि, इसके लिए सक्रिय कूटनीति और अधिक अनुकूल और स्थिर टैरिफ व्यवस्था को सुरक्षित करने के लिए एक ठोस प्रयास की जरूरत होगी। इस वर्ष मार्च के दौरान, भारतीय कपड़ा निर्यात मार्च 2024 की तुलना में लगभग 5.81 प्रतिशत कम था, जबकि इसी अवधि के दौरान परिधान निर्यात में 3.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मार्च 2025 के दौरान वस्त्र और परिधान के संचयी निर्यात में मार्च 2024 की तुलना में 1.63 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान, भारतीय वस्त्र निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 3.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि परिधान निर्यात में इसी अवधि के दौरान 10.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सीआईटीआई के विश्लेषण के अनुसार, यह वृद्धि संपूर्ण व्यापारिक निर्यात के प्रदर्शन से आगे निकल गई, जो इसी अवधि के दौरान काफी हद तक स्थिर रहा।

### सोने ने बना डाला नया रिकार्ड, खरीदने वालों को अब जेब करनी होगी ढीली, जानिए कितने रुपये हुआ सोना

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** गोल्ड की कीमतों में लगातार तेजी जारी है और बुधवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया। आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में बीते 24 घंटे में 1,477 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के गोल्ड की कीमत 1,477 रुपये बढ़कर 94,579 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 93,102 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड के दाम बढ़कर 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत भी बढ़कर 76,610 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। हाजिर बाजार के साथ वायदा बाजार में भी गोल्ड की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर गोल्ड के 6 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का भाव 1.90 प्रतिशत बढ़कर 95,435 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गोल्ड की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई है। गोल्ड के दाम 3,320 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं। गोल्ड के दाम में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता को माना जा रहा है। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार से लोग सुरक्षित माने जाने वाले गोल्ड में निवेश कर रहे हैं, जिससे गोल्ड की कीमतों को सहारा मिल रहा है।

# आईपीएल 2025 के पहले सुपर ओवर में दिल्ली ने राजस्थान को हराया

## -स्टार्क ने हारा हुआ मैच टाई में बदला




**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बुधवार, 16 अप्रैल को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के पहले सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स को हरा दिया. सुपर ओवर में राजस्थान 5 गेंद में 11 रन ही बना सकी थी, क्योंकि उनके दोनों बल्लेबाज रियान पराग और जायसवाल आउट हो गए थे. जिसकी वजह से दिल्ली को 12 रन का टारगेट मिला, जिसे वो 4 गेंद में ही हासिल कर लिया। कैपिटल्स और रॉयल्स के बीच मैच आखिरी ओवर तक गया, क्योंकि 188 के जवाब में राजस्थान की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी था. राजस्थान को जीत के लिए आखिरी ओवर में केवल 9 रनों की जरुरत थी और उसके 7 खिलाड़ी बचे हुए थे, लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाज स्टार्क ने आखिरी ओवर में सिर्फ 8 रन खर्च किए, जिसकी वजह से मैच टाई हो गया और सुपर ओवर में चला गया. यह आईपीएल इतिहास का 15वां सुपर ओवर था और लीग के 2022 संस्करण के बाद पहला सुपर ओवर था।

इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है. उनके 6 मैचों में 5 जीत के साथ कुल 10 अंक हो गए है, वहीं दूसरी ओर, राजस्थान रॉयल्स 7 मैचों में 2 जीत और 5 हार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गया है. मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, कैपिटल्स ने रॉयल्स के सामने 5 विकेट खोकर 189 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा. जिसमें अभिषेक पोरेल ने 37 गेंदों पर 49 रन बनाए. उसके बाद केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हो गए. अंत में अक्षर पटेल ने मात्र 14 गेंदों पर 34 रन बनाकर पारी में गति भर दी, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे. डेथ ओवरों में ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंदों पर 34 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने पावरप्ले में शानदार शुरुआत की और 63 रन बनाए. हालांकि, कप्तान संजू सैमसन के चोटिल होने के कारण उनकी गति में कमी आई. पावरप्ले के अंतिम ओवर में सैमसन को बाएं पसली में तकलीफ हुई, फिजियो के उपचार के बावजूद, वह खेल जारी नहीं रख पाए. सैमसन शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने 19 गेंदों पर 31 रन बनाए और रॉयल्स के लिए मजबूत आधार तैयार किया. उनकी जगह रियान पराग क्रीज पर आए, लेकिन वे प्रभाव नहीं छोड़ पाए और अक्षर पटेल की गेंद पर कम स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद नीतीश राणा और ध्रुव जुरेल पर आरआर को जीत दिलाने की जिम्मेदारी आ गई. राणा शुरू से ही आक्रामक रहे और उन्होंने महज 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. उन्होंने और जुरेल ने मिलकर अंतिम तीन ओवरों में 31 रन की जरूरत को पूरा किया. राणा ने 28 गेंदों पर 51 रन बनाए. दो ओवर में 23 रन की जरूरत थी, मोहित शर्मा को 19वें ओवर में 14 रन पड़े, जिसमें जुरेल द्वारा सीधे मैदान पर लगाया गया एक लंबा छक्का भी शामिल था। स्टार्क द्वारा फेंके गए अंतिम ओवर में जीत के लिए नौ रन बचे थे, जिसमें शिमरॉन हेटमायर और जुरेल क्रीज पर थे. अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद - जुरेल ने 29 और हेटमायर ने 15 रन जोड़े. रॉयल्स केवल स्कोर बराबर कर पाए, जिससे मैच सुपर ओवर में चला गया।

# सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर रखने पर रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी, किये कई बड़े खुलासे



**नईदिल्ली,एजेंसी।** आईपीएल 2025 के समापन के बाद भारतीय टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करने वाली है. ये सीरीज 20 जून से शुरू होगी. भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा इस दौरे को टीम इंडिया के लिए बड़ी चुनौती करार दे रहे हैं, क्योंकि भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की उम्मीद कर रहा है।

रोहित ने माइकल क्लार्क से बियॉन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट पर पिछले इंग्लैंड टूर के बारे में बात करते हुए कहा, पिछली बार जब हमने इन खिलाड़ियों के साथ खेला था, तो सीरीज 2-2 से बराबर थी. हमें इनमें से कुछ खिलाड़ियों (बुमराह और शमी) को 100त्न फिट होने की जरूरत है. जिसके बाद हमारे पास एक शानदार सीरीज होगी, और मैं जानता हूं कि ये खिलाड़ी इन दिनों किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं. यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक अच्छी चुनौती होगी। भारतीय कप्तान इंग्लैंड सीरीज के दौरान निश्चित रूप से आलोचनाओं का सामना करेंगे, क्योंकि वो 2024-25 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बुरी तरह से फ्लॉप रहे थे. 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में रोहित ने 3 मैच खेले थे और सिर्फ 31 रन बन सके थे. पहले टेस्ट में वो उपलब्ध नहीं थे जबकि आखिरी टेस्ट में खराब फॉर्म का हवाला देते हुए उन्होंने खुद को टीम से बाहर कर लिया था। रोहित ने खुद को बाहर रहने के फैसले के बारे में भी खुलकर बात की. उनकी जगह शुभमन गिल को शामिल किया गया था और भारत ने उस मैच को भी छह विकेट से गंवा दिया था. रोहित ने पॉडकास्ट में कहा, मुझे खुद के साथ ईमानदार होना था - मैं गेंद को अच्छी तरह से नहीं मार रहा था, और मैं सिर्फ खेलना नहीं चाहता था. कुछ अन्य खिलाड़ी भी संघर्ष कर रहे थे, और हम वास्तव में चाहते थे कि गिल खेलें. वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है इसलिए हमें लगा कि वह एक मौका पाने का हकदार है. मैंने कोच और चयनकर्ता से बात की, जो दौरे पर भी थे, और वे कुछ हद तक सहमत थे, कुछ हद तक नहीं। रोहित ने आगे कहा, आप टीम को पहले रखने की कोशिश करते हैं, देखते हैं कि टीम को क्या चाहिए, और उसके अनुसार निर्णय लेते हैं. कभी-कभी यह काम करता है, कभी-कभी नहीं, बस यही होता है. आप जो भी निर्णय लेते हैं, उसकी सफलता या सही होने की कोई गारंटी नहीं होती।

# बीसीसीआई का बड़ा एक्शन, गौतम गंभीर के स्टाफ से 3 कोच किए बाहर, चौंकाने वाली वजह आई सामने

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 2024-24 में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के बाद गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ पर अपना चाबुक चलाया है. ऑस्ट्रेलिया में भारत की 1-3 से सीरीज हार के बाद अब बीसीसीआई ने सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ-साथ क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को उनके पदों से हटा दिया है। बीजीटी 2024-25 में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम 1-3 से हार गई और सीरीज के दौरान कई खबरें लीक हुई. सीरीज हारना खेल का हिस्सा है, लेकिन ड्रेसिंग रूम से खबरें लीक होना एक आश्चर्य की बात थी. ऐसी खबरें थीं कि एक निश्चित खिलाड़ी टीम का अंतरिम कप्तान बनना चाहता था, फिर एक और चौंकाने वाली रिपोर्ट आई जिसमें आरोप लगाया गया कि भारत के कोच गौतम गंभीर ने लीक हुई खबरों के लिए सरफराज खान को जिम्मेदार ठहराया था। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने हरकत में आते हुए सहायक कोच अभिषेक नायर को बर्खास्त कर दिया है. नायर को महज 8 महीने पहले ही गौतम गंभीर का सहायक नियुक्त किया गया था. हालांकि, इस घटनाक्रम के संबंध में बीसीसीआई की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट में आगे दावा किया गया है कि बीसीसीआई ने हाल ही में एक नोटिस भेजा है जिसमें कहा गया है कि जो भी सपोर्ट स्टाफ 3 साल से अधिक समय से टीम के साथ है, उसे सेवा से हटाया जा सकता है. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई, जो तीन साल से टीम के साथ हैं, को भी सेवा से हटा दिया गया है. नायर और दिलीप की जगह कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी।

घरेलू क्रिकेट के महान खिलाड़ी सीतांशु कोटक बल्लेबाजी कोच के रूप में पहले से ही टीम से जुड़े हुए हैं. सहायक कोच रेयान टेन डोएशेट कथित तौर पर टी दिलीप की जगह फील्डिंग कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे क्योंकि बीसीसीआई ने नायर या पूर्व फील्डिंग कोच के लिए अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। बता दें कि, नए सपोर्ट स्टाफ के इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली 5 मैचों की अहम टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम में शामिल होने की उम्मीद है।

# बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण हो मुख्य उद्देश्यः विधायक महेन्द्र यादव

## नवाचार से बढ़ेगा बच्चों का मनोबल : नप उपाध्यक्ष भूपेन्द्र यादव

## प्रतिभा सम्मान समारोह में 70 छात्रों का हुआ सम्मान




**शिवपुरी ब्यूरो।** जनपद शिक्षा केंद्र बदरवास एवं समस्त प्राइवेट स्कूल के तत्वाधान में बदरवास में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह यादव, विशेष अतिथि के रूप में समर सिंह राठौड़ जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी शिवपुरी दफेदार सिंह सिकरवार एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे।

एक सोच एक विजन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में शा/अशा.विद्यालयों के 70 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने कक्षा 5 और 8 में अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, उन्हें इस मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। विधायक कोलारस ने अपने उद्बोधन में कहा बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बच्चों का बेहतर भविष्य ही बेहतर राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। नगर परिषद उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा इस तरह के नवाचार से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए और अधिक प्रयास करेंगे। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। प्राइवेट स्कूल के समस्त विद्यालय द्वारा अंगद सिंह तोमर बीआरसी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# आदर्शनगर कन्या विद्यालय की 6 छात्राएं एनएमएमएस में चयनित

## शिवपुरी में भारत सरकार हर साल 12 हजार की स्कॉलरशिप देगी



**शिवपुरी ब्यूरो।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्शनगर की छह छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता हासिल की है। नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) में कक्षा 8वीं की नीलोफर खान, हिमांशी ओझा, भूमिका शाक्य, प्रीति कुशवाहा, चाहत पंत और महिमा सेन का चयन हुआ है। भारत सरकार इन छात्राओं को हर साल 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति देगी। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में छात्राओं और उनके अभिभावकों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। सफल छात्राओं ने बताया कि स्कूल में चल रही निशुल्क जनरल स्टडी क्लासेस से उन्हें बहुत मदद मिली। शिक्षकों के मार्गदर्शन और पिछले कुछ सालों के प्रश्नपत्रों के अभ्यास से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। विद्यालय में चल रही ये नवाचारी कक्षाएं छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रही हैं। वरिष्ठ शिक्षक भगवत शर्मा ने छात्राओं को सुपर हंड्रेड जैसी योजनाओं को लक्ष्य बनाने की प्रेरणा दी। प्रभारी प्राचार्य आरडी बाथम सहित अन्य शिक्षकों ने जनरल स्टडी नवाचार को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम संचालक हेमलता चौधरी ने कहा कि प्रतिभा को बस एक सकारात्मक अवसर की जरूरत होती है। समारोह में पूरे स्टाफ ने छात्राओं का अभिनंदन किया।

# सिविल सर्जन ने दी जानकारी, अस्पताल में मरीज के साथ केवल 1 ही व्यक्ति को फ्री पास की सुविधा उपलब्ध

**शिवपुरी ब्यूरो।** शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के पालन में अस्पतालों के सुरक्षा संबंधी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए एवं अस्पतालों के अन्दर एक मरीज के साथ कई अटेण्डर होने से अधिक भीड को न्यूनतम करने के लिये और परिजनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए अस्पताल में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र (एन्ट्री पास) की व्यवस्था लागू की गई है।

स्वास्थ्य संस्थान के भीतर एक सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं अस्पताल में कार्य स्थल पर महिला स्वास्थ्यकर्मी एवं चिकित्सकों को भी तनावमुक्त प्रबंधन और चोरी की घटना को दृष्टिगत रखते हुये जिला अस्पताल में यह पास सिस्टम 13 दिसम्बर 2024 से लागू किया गया। इसमें एक मरीज के साथ निःशुल्क पास की व्यवस्था है।इसके अलावा अति आवश्यक होने पर 2 नंबर पास एवं 3 नंबर पास की व्यवस्था की गई है। जिनका शुल्क निर्धारित किया गया है। व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए आउटसोर्स कंपनी को ई-निविदा के माध्यम से टेण्डर किया गया है। जिससे अस्पताल प्रबंधन को भीड़ नियंत्रित करने के लिये मानव संसाधन भी मिले हैं। सिविल सर्जन डॉ बीएस यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों में मै. जगदीश एण्ड आनन्द बिल्डकॉन शिवपुरी के कर्मचारी आदिल खांन का मरीज के परिजन से हुए मुंहवाद को देखते हुए निविदा फर्म को 17 अप्रैल को प्रातःकाल इस विवाद के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र जारी किया गया। जिसके क्रम में मै. जगदीश एण्ड आनन्द बिल्डकॉन शिवपुरी ने कर्मचारी आदिल खांन को तत्काल ही सेवा से पृथक कर दिया एवं संबंधित फर्म को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। सिविल सर्जन ने सर्वसाधारण को भी सूचित किया है कि मरीज के साथ केवल 01 ही व्यक्ति को फ्री पास की सुविधा उपलब्ध है एवं अपने पास को सदैव अपने पास रखें व मांगे जाने पर पास को दिखाये जिससे कोई असुविधा न हो और अस्पताल में बेहतर इलाज और प्रबंधन के लिए इस व्यवस्था में सहयोग करें।

# अमर शहीद तात्याटोपे समाधि स्थल पर दो दिवसीय मेला आज से लगेगा, होंगे कई कार्यक्रम

**शिवपुरी ब्यूरो।** स्वराज संस्थान भोपाल एवं जिला प्रशासन के समन्वय से राष्ट्रवीर अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर 18 एवं 19 अप्रैल को शहीद मेला का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम अमर शहीद तात्या टोपे की समाधि स्थल राजेश्वरी रोड शिवपुरी पर आयोजित होगा एवं विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

प्रातः 8 बजे अमर शहीद तात्याटोपे को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, संगठनों द्वारा पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। डिप्टी कलेक्टर अनुपम शर्मा ने बताया कि 18 अप्रैल को प्रातत्र 9 बजे जिला प्रशासन द्वारा अमर शहीद तात्याटोपे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, गार्ड ऑफ ऑनर एवं पुष्पचक्र अर्पित किया जायेगा। इसके उपरांत सभा का आयोजन होगा जिसमें वक्ताओं द्वारा तात्या टोपे के बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। डॉ. डी.एस. सिकरवार द्वारा तात्याटोपे के जीवन के संघर्ष, बलिदान एवं प्रेरणा के संबंध में भाषण देंगे। 18 अप्रैल को सायं 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका सुहासिनी जोशी भोपाल द्वारा देशभक्ति के तराने की प्रस्तुति दी जाएगी तथा 19 अप्रैल शनिवार को सायं 7 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम में श्रृद्धा शौर्य-ओज-नागपुर, देवेन्द्र प्रताप सिंह-ओज-इटावा, कुलदीप रंगीला-हास्य-देवास, सरजन शीतल-गीतकार-दिल्ली, प्रतीक चौहान-गीतकार-भिण्ड, शिवम सिसौदिया ओज-ग्वालियर, नीतेश व्यास-गीतकार-रायसेन, ध्रुव शर्मा-हास्य-विदिशा, आशुतोष-ओज-शिवपुरी, रोशन मनीष-गीतकार-मुरैना से पधार कर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में समस्त शहर वासी अपने परिजनों के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद ले सकते हैं।

# दलित परिवार पर डंडों और पत्थरों से किया हमला, पांच घायल

## थाने में नहीं हुई सुनवाई तो ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर पहुंचे एसपी कार्यालय



**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना अंतर्गत झलवासा गांव में एक दलित परिवार के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग आरोपियों ने उनके मकान पर कब्जा करने की नीयत से उनके घर पर हमला किया, लेकिन थाने में शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। थाने में सुनवाई न होने से निराश होकर पीड़ित परिवार बुधवार देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली में गृहस्थी का सामान भरकर एसपी कार्यालय के लिए रवाना हुआ। हालांकि, रास्ते में ट्रैक्टर खराब हो गया और परिवार को रात सड़क किनारे ही गुजारनी पड़ी। गुरुवार सुबह वे ट्रॉली में बैठकर शिवपुरी एसपी ऑफिस पहुंचे और बाहर धरने पर बैठ गए। धरना स्थल पर उन्होंने चूल्हा जलाकर खाना भी बनाया। पीड़ितों ने बताया कि 16 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वे खेत पर गए थे। इसी दौरान गांव के दीपक, दुर्गेश, गोविंदा, विनोद, देवेश, विवेक, प्रेमसिंह और प्रमोद धाकड़ ने उन पर हमला कर दिया। डंडों, लात-घूंसे और पत्थरों से किए गए हमले में भूरा जाटव, राकेश जाटव, मुन्नीबाई, छोटू जाटव और ज्ञानी जाटव गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए घर खाली करने और जान से मारने की धमकी भी दी। धरने की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी संजीव मुले मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से बातचीत की। उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि बैराड़ थाना प्रभारी को मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दे दिए गए हैं। आश्वासन मिलने के बाद पीड़ित परिवार धरना समाप्त कर अपने गांव लौट गया।

# जमीनी विवाद में महिला से मारपीट कर जेवर छीने, कपड़े फाड़े

## पीड़िता ने एसपी को सौंपे आवेदन में पूर्व सरपंच समेत चार पर लगाए आरोप



**शिवपुरी ब्यूरो।** सेमरी गांव में सरकारी जमीन को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सरस्वती गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन और मारपीट का वीडियो सौंपा है। तेंदुआ थाना क्षेत्र में सरस्वती के पति श्याम सिंह गुर्जर के पूर्वजों के नाम सरकारी जमीन दर्ज है। पारिवारिक बंटवारे में ये जमीन उनके हिस्से आई थी। इस जमीन पर गांव के भरत सिंह, जबाहर सिंह, पूर्व सरपंच सोभरन सिंह और वर्तमान सरपंच की पत्नी कृष्णा ने कब्जा कर लिया। 16 अप्रैल को पीड़िता ने जब जमीन से अवैध कब्जा हटाने का प्रयास किया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। उसके कपड़े फाड़ दिए और मोबाइल तोड़ दिया। आरोपियों ने उसके जेवर भी छीन लिए और घसीटते हुए जान से मारने की धमकी दी। सरस्वती ने बताया कि वो इस मामले को लेकर कई बार अधिकारियों के पास गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने सीधे एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# शादी का झांसा देकर 9 माह तक किया दुष्कर्म, अभी तक नहीं हुई आरोपी की गिरफ्तारी

**शिवपुरी ब्यूरो।** एक युवक शादी का झांसा देकर उसका 9 माह तक शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़ित छात्रा ने पोहरी थाना क्षेत्र में शिकायत की है। इस मामले में पुलिस में अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोप है कि आरोपी के परिजन पीड़ित के परिवार पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। उन्हें धमकियां दे रही हैं।

पीड़िता ने गुरुवार को एसपी को ज्ञापन सौंपा है। उसने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उसने बताया कि वह पढ़ाई के लिए किराए के कमरे में रहती थी। इस दौरान देवरीखुर्द निवासी प्रशांत धाकड़ से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी ने 11 सितंबर 2023 को पहली बार दुष्कर्म किया और फिर 9 महीने तक शारीरिक शोषण करता रहा। 20 जून 2024 को जब पीड़िता ने शादी की बात की तो आरोपी ने मना कर दिया। पीड़िता ने जनवरी 2025 में पोहरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया। पीड़िता की दो बार सगाई हुई लेकिन आरोपी की वजह से दोनों रिश्ते टूट गए।

# प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा आज मुरैना आयेंगे

**मुरैना,कांस।** प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा दो दिवसीय प्रवास पर 18 अप्रैल को मुरैना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा 18 अप्रैल को सायं 5:40 बजे मालवा एक्सप्रेस से प्रस्थान कर रात्रि 11:25 बजे मुरैना आयेंगे और रात्रि विश्राम सर्किट हाउस मुरैना पर करेंगे। मंत्री श्री करण सिंह वर्मा 19 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे मुरैना से प्रस्थान कर बड़ागांव-नावली में सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर के पारिवारिक कार्यक्रम में 2 बजे सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा नावली बड़ागांव से अपरान्ह 3 बजे प्रस्थान कर 3:30 बजे सर्किट हाउस मुरैना आयेंगे। मंत्री श्री वर्मा 4:40 बजे मुरैना से ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर 10:40 बजे भोपाल पहुंचेगे।

# कृषि उपज मंडी में एसडीएम ने ली बैठक, हम्माल व व्यापारियों में हुई सुलह



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** एसडीएम सबलगढ़ श्री अरविंद माहौर द्वारा गुरुवार को कृषि उपज मंडी सभागार में बैठक ली गई जिसमें हम्मालों और व्यापारियों के बीच मेहनताना को लेकर हुए मतभेद से हम्मालों की हड़ताल को देखते हुए दोनों पक्षो के साथ नई दरें निर्धारित कर हम्मालों का विरोध शांत करवाया , दोनों पक्षों ने सहमति अनुसार कार्यवाही विवरण पर हस्ताक्षर किये।स्मरणीय है कि कृषि उपज मंडी में बुधवार को फसल की तुलाई नहीं होने से गुस्साए किसानों ने राममंदिर चौराहा पर चक्काजाम कर दिया।इस हंगामे के पीछे कृषि उपज मंडी प्रशासन की लापरवाही सामने आई थी।बताया गया है कि मण्डी के तुलावटी हम्मालो द्वारा मजदूरी बढ़ाने के लिए तीन दिन पूर्व मण्डी सचिव को ज्ञापन दिया था जिसमें चेतावनी दी गई थी कि मजदूरी नहीं बड़ाई गई तो काम बन्द हड़ताल की जाएगी।हम्मालों के इस पत्र को मण्डी सचिव ने ठण्डे बस्ते में डाल दिया,इससे नाराज हम्माल यूनियन ने बुधवार को काम बन्द हड़ताल कर दी।इन हालातों में तुलाई नहीं होने से बोली नही लगी।भारी संख्या में फसल बेचने आए किसान आक्रोशित हो गए,परिणामस्वरूप उन्होंने फसल से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों को मुख्य सड़क पर रखकर दिन के तीन बजे के करीब चक्काजाम कर दिया।इससे शहर में आवागमन बाधित हुआ।

# पात्रता पर्ची की ईकेवायसी कराने के लिये राजस्व अधिकारी भले गांव-गांव कैम्प लगवायें

**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार द्वारा खाद्यान्न पर्ची धारक 30 अप्रैल तक ई केवायसी कराने के आदेश जारी हुये हैं। इसके तहत प्रत्येक खाद्यान्न पर्ची धारक को अपनी-अपनी ई केवायसी करवाना है। इसके लिये संबंधित जनपद सीईओ को प्रतिदिन एक-एक हजार की केवायसी करने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य किस प्रकार पूर्ण होगा इसके लिये राजस्व अधिकारी देखें, भले ही वे गांव-गांव कैम्प लगवायें परंतु खाद्यान्न पर्ची वाले ई केवायसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होना चाहिये। यह निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने बैठक के दौरान राजस्व अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि मुरैना जिले में पात्रता पर्चीधारी 14 लाख 13 हजार 396 हितग्राही हैं। जिनमें से 10 लाख 60 हजार 815 पात्रता पर्चीधारियों की ई केवायसी का कार्य हो चुका है। अभी भी 3 लाख 52 हजार 581 पात्रता पर्चीधारियों की ई-केवायसी का कार्य नहीं हो सका है। ई-केवायसी करने के लिये पात्रता पर्चीधारी को मात्र आधार कार्ड और स्वयं का अंगूठा लगाना होता है। इसके लिये सभी अधिकारी प्लानिंग के साथ कार्य करें। यह कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है।



# शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**शिवपुरी ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार चौधरी ने ग्राम आंडर थाना करैरा निवासी अर्जुन सिंह पुत्र गुलाब सिंह रावत का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही आयुध अधिनियम 1959 के तहत की गई है। ग्राम आंडर थाना करैरा निवासी अर्जुन सिंह पुत्र गुलाब सिंह रावत के नाम से स्वीकृत लाइसेंसी बंदूक का दुरुपयोग कर लाइसेंसी द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर शस्त्र लायसेंस क्रमांक 178/2008/111/डीएम/ एसपीआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# परिवादियों की इष्टतम संतुष्टि हेतु करें प्रयास-एडीएम

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण के दिए निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में अटल सेवा केन्द्र में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करायें जिससे परिवादियों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि संगम पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। सभी परिवादों का निस्तारण हेतु फॉलोअप किया जाये। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें, जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान सीवरेज एवं नालों की सफाई, अतिक्रमण हटवाने, सीवरेज लाईन कनेक्शन, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में परिवादी देशराज सिंह ने ग्राम सौनी में विद्युत लाईन डलवाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने जेवीवीएनएल को त्वरित ढंग से कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी अंबिका प्रसाद बंसल ने बाड़ा हैदरशाह के लिए हलवाई खाने से मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटवाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने नगर परिषद को समुचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

परिवादी गोविन्द सक्सैना एवं अन्य ने वार्ड नम्बर 55 में पेयजल लाईन डलवाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पीएचईडी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 30 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी के दौरान आमजन बरतें एहतियात

## बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का रखें विशेष ध्यान

**धौलपुर, ब्यूरो।** जिले में अत्यधिक गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी होने से आमजन तापघात की चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाईरिस्क वाले लोगों को ख्याल रखने की जरूरत है। वहीं गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सावधानी बरतने के लिए विभाग ने निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने सभी अस्पतालों में रोगियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिपसेट सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का प्रयाप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गर्मी की भीषणता को देखते हुए सभी चिकित्सा अधिकारियों के समस्त अवकाशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए मुख्यालय पर ही मौजूद रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि कोई भी चिकित्सा कर्मी सक्षम स्तर से बिना अनुमति के अवकाश पर पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गर्मी के दौरान शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, मिचलाना, जी सिर चकराना व शरीर का तापमान बढना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जाना चाहिए। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पन्ना दें। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए। जिले के सभी चिकित्सा संस्थाओं पर गर्मी के दौरान माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने बताया कि गर्मी से बचाव हेतु जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से चार बजे तक विशेष ध्यान रखें। यदि निकलना बहुत जरूरी हो तो धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो।


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No.:- DRM/C/AGRA/PAY & USE/POLICY/2024 Dated:- 16.04.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

| **श्रेणीः** नार्मल पे एण्ड यूज | **नीलामी केटलॉग संख्याः** PNU-AGRA-25-2 |
|---|---|
| **एसेट्स डिटेल्स** | अछनेरा जं0 रेलवे स्टेशन पर नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिगं एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | ईदगाह रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिगं एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | छाता रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिगं एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |
| | रामगढ़ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिगं एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ.सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक व समयः** दिनांकः- 02.05.2025 समयः- 11:00

**ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक व समयः** दिनांकः- 02.05.2025 समयः- 12:10

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **659/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

**मुरैना,कांस।** विद्युत मंडल के प्रबंधक ने बताया है कि 33/11 केव्ही फीडरों से संबंधित समस्त उपभोक्ताओं की 18 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 से सायं 05 बजे तक सिद्धनगर एरिया और 12 फुटा हनुमान मंदिर आदि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी।

# प्रेस विज्ञप्ति

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित क्रम में लेख है कि वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नं. [illegible]3053 मूल स्वामी गजेन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री लखन सिंह रावत नि. ग्राम बेरखेडा, तह. नरवर, जिला शिवपुरी के नाम जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में पंजीकृत है। उक्त वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 02.01.2025 को हो जाने के कारण एवं अविवाहित होने से वाहन स्वामी के पिता श्री लखन सिंह रावत पुत्र श्री बादाम सिंह नि. ग्राम बेरखेडा, तह. नरवर, जिला शिवपुरी ने अपने नाम स्वामित्व अन्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

अतः यदि किसी भी व्यक्ति को इस हेतु कोई आपत्ति है तो 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। अन्यथा की स्थिति में 07 दिवस उपरान्त यह मानकर कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है वाहन का अन्तरण श्री मातादीन व्यास के नाम कर दिया जायेगा।

**जिला परिवहन अधिकारी जिला शिवपुरी म.प्र.**

# अवैध रेत से भरे ट्रेक्टर चालक ने किशोर को कुचला, मौके पर हुई दर्दनाक मौत

### आक्रोषित ग्रामीणो ने शव रखकर लगाया जाम, पुलिस पर पैसे लेने का लगाया आरोप



**मुरैना,कांस।** जिले में अवैध रेत माफिआओ कहर थमने का नाम नही ले रहा है, ताजा मामला देवगढ थाना क्षेत्र के ग्राम बाबरीगॉव का सामने आया है, जहॉ तेज रफ्तार से अवैध रेत भरकर ले जा रहे एक रेत माफिया ने पन्द्रह वर्षीय किशोर को कुचल दिया जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण एकत्रित हो गए और आक्रोषित ग्रामीणो ने शव रखकर नहर की पुलिया के पास जाम लगाकर रेत माफिआओ के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बाबरी पुरा में निवास करने वाले पन्द्रह वर्षीय किशोर छोटू भदौरिया अपने दादा के साथ बाजार जा रहा था कि वह अभी नील मंदिर के पास ही पहुॅच पाया था कि तेज रफ्तार से अवैध रेत भरकर आ रहे एक ट्रेक्टर ने किशोर को टक्कर मार दी जिससे किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय मृतक का दादा कप्तान सिंह काफी चिल्लाया लेकिन ट्रेक्टर चालक वाहन को लेकर भाग गया। बताया जाता है कि ट्रेक्टर बागचीनी चौराहे पर सीसीटीव्ही फुटेज में दिखाई दे रहा है। जिसकी जांच पडताल पुलिस करने में लगी हुई है। उधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणो ने नहर मंदिर के पास शव रखकर जाम लगा दिया और अवैध रेत माफिआओ से पुलिस की मिली भगत का आरोप लगाते हुए मोबाईल नम्बर ट्रेस कर कार्यवाही की मांग की वही अवैध रेत माफिआओ के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हें उचित सजा दिलाने की मांग की। ग्रामीणो ने पुलिस के आला अधिकारियो से कहा कि पुलिस अवैध रेत माफिआओ से मिली हुई है और माहवारी पैसा लेकर पुलिस ही अवैध रेत के ट्रेक्टर चलवा रही है। ग्रामीणों ने ऐसे पुलिस वालो के मोबाईल नम्बर ट्रेस कर कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर कुलदीप सिकरवार, सोनू सिकरवार, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार सहित सैकडो की संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# बसपा जिलाध्यक्ष ने घायल युवक से मुलाकात की



**मुरैना,कांस।** 14 अप्रेल को बाबा सहाब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर डीजे को लेकर थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम हिंगोनाखुर्द में दबंगो द्वारा चलाई गई गोली से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वही एक अन्य युवक रानू दोनेरिया गोली से गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए ग्वालियर भेजा गया था जहॉ उसका उपचार चल रहा है। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पार्षद अशोक टैगोर घायल युवक का हाल-चाल जानने के लिए ग्वालियर गए जहॉ उन्होने युवक से चर्चा कर उसके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली।

# डॉ.अम्बेडकर जी के जन्मोत्सव पर अजाक्स कार्यालय पर हुई विचार गोष्ठी





**मुरैना,कांस।** संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 135 वें जन्मोत्सव के मौके पर अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा चम्बल कॉलौनी स्थित अजाक्स कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर विशिष्ट अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक दीपाल चन्सोरिया,जनपद सीईओ महावीर जाटव तथा जुगल किशोर पिप्पल मौजूद थे। सभी ने डॉ. अम्बेडकर जी के जीवन, विचारो एवं संघर्षो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजाक्स के प्रांतीय महासचिव राजवीर अग्निहोत्री ने की। संभागीय अध्यक्ष प्रेम सिंह और जिलाध्यक्ष बसंत मौर्य ने सभी अतिथियो का आभार व्यक्त किया। उक्त आशय की जानकारी संगठन के संभागीय महासचिव अशोक कुमार नेगी ने प्रेस को दी। इस मौके पर अनेक कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे।

# हत्या के मामले में माननीय न्यायालय ने दो लोगों को आजीवन कारावास एवं 14000 रू.अर्थ दंड से दंडित किया

**मुरैना,कांस।** दिनांक 16.04.25 को- न्यायालय तृतीय अपर शस्त्र न्याधीश व महोदय मुरैना द्वारा हत्या के मामले में 2 व्यक्तियों को आजीवन कारावास एवं 14,000/- अर्थदण्ड से दण्डित गया। शासन की ओर से लोक अभियोजन महेंद्र कुमार अग्रवाल एवं राजकुमार शर्मा अपर लोक अभियोजन द्वारा दी गई घटना इस प्रकार है कि दिनांक 22.06.23 को मृतक गिरवर सिंह कुशवाहा निवासी मैदा फैक्ट्री के पास मुरैना गांव का अपनी कोचिंग पर छात्रों को पढ़ा रहा था तभी सुबह करीब 11꞉00 बजे मृतक की कोचिंग पर पूर्व ने पढने वाले छात्र निक्की उर्फ विकास राठौर एवं प्रमोद जाटव मोटर साइकल से कोचिंग पर आये और मृतक गिरबर को कोचिंग से बाहर बुलाकर गंदी गंदी गालियां देने लगे गालियां देने से मना किया तो विक्की उर्फ़ विकास राठौर ने कमर से कट्टा क निकाल कर जान से मारने की नियत से गिरबर को गोली मारी जो उसके पेट में लगी और प्रमोद जाटव ने धक्का दिया गिरवर के चिल्लाने पर उसकी पत्नी ममला तथा अन्य लोग स्थल पर आ गए दोनो आरोपीगण मौके से भाग गए घायल गिरवर को जिला अस्पताल मुरैना लाय जहां से उसको गंभीर हालत में ग्वालियर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज चला उसके बाद अस्पताल में छुट्टी होने पर घर आ गमा उसे पुनः हालत खराब होने पर ग्वालियर अस्पताल भर्ती कराया और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई ।÷सिविल लाइन पुलिस द्वा घायल गिरवर की रिपोर्ट पर से देहाती नाबाली कायम की गई जो थाना सि.बा के अप0010 765/23 पर धारा- 307, 294, 506,34 भी. उ. कि के तहत असल अपराध कायम किया गया जिसमें गिरवर की मृत्यु हो जाने पर धारा 302 का इजाफा कर प्रकरण विवेचना उपरांत चालान प्रस्तुत किया गया। जिसमें अभियोजन द्वारा महत्वपूर्ण साछीयों को चिन्हित कर उनके कथन कराए गए तथा तर्क प्रस्तुत किए गए अपर लोक अभियान द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी गणों को दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास की सजा व 14 हजार रुपए के अर्थ दंड से दडित किया।

# धारिया अजाक्स के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री जे.एन. कंसोटिया ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्धेश्य से प्रांतीय महासचिव राजवीर अग्निहोत्री की अनुशंसा पर जन शिक्षक मुरैना रूस्तम सिंह धारिया को संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। धारिया के कार्यकारी अध्यक्षे बनने पर संगठन के पदाधिकारियो ने उनका स्वागत कर बधाई दी।

# स्व सहायता समूह की महिलाएं शहर के वार्ड में पानी की गुणवत्ता की करेगी जांच

### अमृत 2.0 के तहत वार्ड मे पानी के टीडीएस पीएच मान मिनरल्स आदि की भी होगी जांच



**मुरैना,कांस।** भारत सरकार द्वारा संचालित अमृत 2.0 योजना के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्व सहायता समूह की महिलाएं नगर निगम के सभी 47 वार्ड में पानी की गुणवत्ता की जांच करेगी समूह की महिलाएं पानी में पीएच लेवल टीडीएस मिनरल्स पानी की अम्लीयता क्षारीयता आदि की भी जांच कर रिपोर्ट लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में प्रस्तुत करेगी जिससे कि पता चल सकेगा वार्ड में जो पानी मिल रहा है वह पीने योग्य है या नहीं है इस संबंध में सभी स्व सहायता समूह की महिलाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण भी जीवाजीगंज स्थित टाउन हॉल में दिया गया है नगर निगम के शहरी परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत समूह की महिलाएं शहर के सभी 47 वार्ड में वॉटर क्वालिटी टेस्ट का कार्य कर रही है श्री चौहान ने बताया कि महिलाओं को इस संबंध में ट्रेनिंग भी दी गई है और समझाया गया है कि वह वॉटर क्वालिटी टेस्ट किस प्रकार से करें नगर निगम द्वारा 6 समूह का चयन किया गया है जो शहर के प्रत्येक वार्ड में 15 वॉटर क्वालिटी टेस्टिंग करेगी और पानी की जांच रिपोर्ट संबंधित विभाग को समूह की महिलाएं बनाकर प्रस्तुत करेगी।

# वीरपुर ग्राम पंचायत में हाईवे पर लगता है जाम, वाहन चालक होते हैं परेशान

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**वीरपुर।** बीरपुर ग्राम पंचायत में आए दिन जाम की स्थिति बढ़ती जा रही है। मुरैना श्योपुर हाईवे पर बाजार में रोजाना लगता है जाम। टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन चालक होते हैं परेशान। कई घंटे तक जाम की स्थिति बन जाती है, एंबुलेंस कई बार जाम में फंस जाती है। शासन प्रशासन ने कई बार पुख्ता इंतजाम किए और तो और ग्राम पंचायत में जाम को देखते हुए बाजार में दोनों साइड लोहे के मोटे पाइप लगवा दी है लेकिन उनके बावजूद भी ट्रैफिक व्यवस्था पर लगाम नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह बनती है कि बीरपुर में घंटे तक राहगीर एवं वाहन चालकों को बहुत परेशानी सहन करनी पड़ती है इसी हाईवे पर अधिकारी से लेकर मंत्री तक निकलते हैं लेकिन वीरपुर ग्राम पंचायत पर किसी का ध्यान नहीं है।

# ग्राम धामिनी में तेंदुए का हमला, महिला घायल- गांव में फैली दहशत

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर/श्योपुर।** विजयपुर क्षेत्र में मंगलवार रात ग्राम धामिनी में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब कूनो अभ्यारण्य से भटके एक जंगली तेंदुए ने एक महिला पर अचानक हमला कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब सुनीता धाकड़, पत्नी सुरेंद्र धाकड़, अपने परिवार के साथ खेत पर ट्रैक्टर से गेहूं का भूसा लेने गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेंदुआ अचानक झाड़ियों से निकलकर आया और महिला पर झपट पड़ा। उसके पंजों के हमले से महिला घायल हो गई। शोर सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिससे तेंदुआ भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि यह तेंदुए द्वारा किया गया चौथा हमला है, जिससे क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती सक्रियता का संकेत मिल रहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि शाम 6 बजे के बाद खेतों में न जाएं। बच्चों को अकेले बाहर न निकलने दें। खेतों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रखें। वन्यजीव दिखने पर तुरंत सूचना दें। घटना के बाद से गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

# नवीन तालाब एवं समुदायक भवन का हुआ भूमि पूजन

**मेहगांव।** जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमार में नवीन तालाब एवं समुदायक भवन का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ ग्राम पंचायत सिमार में आज मुख्य अथिति नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने 25 लाख के नवीन तालाब एवं सांधुरी में समुदायक भवन का भूमि पूजन किया इस अवसर पर कैविनेट मंत्री शुक्ला ने कहा कि जल ही जीवन है पानी की कमी से कैसे निजात दिलाई जाए इसके लिये मध्यप्रदेश सरकार ने जलगंगा संबर्धन अभियान चलाया है मध्यप्रदेश में पानी की कोई कमी नही आने देगे मंत्री शुक्ला ने ग्राम पंचायत सिमार पहुचने के लिये बरसात के समय मे पुल पर पानी भरजाने से ग्रामवासी परेशानी का सामना करते हैं नवीन पुल का भी निर्माण बहुत जल्दी कराया जाएगा जिससे ग्राम वासियों की आने जाने में परेशानी दूर होगी मेहगांव क्षेत्र के विकाश में कोई कसर नही छोड़ेंगे इस मौके पर एस डी एम नवनीत शर्मा सरपंच श्रीमती रीनावानो अनुज बधू नुरमोहम्मद खान सचिव विजय दांतरे सहायक यंत्री राघवेंद्र पचौरी एवं सहायक यंत्री राजेश उपाध्याय पंचायत प्रभारी योगेंद्र भदौरिया उप यंत्री ध्रुव भारद्वाज उपयंत्री शिवचरण यादव उपयंत्री राजेन्द्र जेन उपस्थित रहे।



# तीस्ता ने गोल्फ नेशनल चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया

**झुण्डपुरा।** मुरैना जिले की जौरा तहसील की बरैंड पंचायत के बंधरी गांव के स्वर्गीय प्रीतम सिंह सिकरवार के पोते कर्नल अमितराज सिंह सिकरवार की बेटी तीस्ता सिंह सिकरवार (उम्र 12 वर्ष) ने अहमदाबाद के कल्हार ब्लूज़ गोल्फ कोर्स में भारतीय गोल्फ संघ द्वारा आयोजित गोल्फ नेशनल चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीस्ता ने चंडीगढ़ में 6 साल की छोटी सी उम्र में गोल्फ सीखना शुरू कर दिया था। उनका लक्ष्य मप्र से राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है। तीस्ता सिकरवार के प्रदर्शन तथा क्षेत्र के नाम को रोशन करने पर स्थानीय लोगों तथा क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।



# विवादित, नामांतरण के प्रकरण स्वयं पीठासीन अधिकारी हैंडल, प्रवाचक के अनुसार केस डिस्पॉजल न करें

**मुरैना,कांस।** राजस्व अधिकारी विवादित, अविवादित नामांतरण के प्रकरणों में स्वयं पीठासीन अधिकारी विवेक से कार्य करें। प्रवाचक के अनुसार केस डिस्पॉजल न करें, क्योंकि आगे कहीं फिर समस्या खड़ी हो सकती है। यह निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा सीमांकन में पिछले तीन माह के 31 केस पोर्टल पर दिख रहे हैं, राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अगली टीएल तक यह आंकड़ा शून्य पर हो जाये। उन्होंने कहा कि अकसर ऐसे ही प्रकरण समाधान ऑनलाइन में पहुंचते हैं, वह जबाव देना कठिन हो जाता है। सभी एसडीएम स्वयं संज्ञान में लायें और लंबित पेंडेन्सि को हल करें। कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरण बढ़ना नहीं चाहिये। इनके संबंध में पटवारियों की बैठक लें और तत्परता से निराकरण होना चाहिये। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में जबाव इस प्रकार से लिखें कि उसका जबाव संतुष्टिपूर्ण होना चाहिये। कहीं जबाव का अलग मतलब न निकले तो समाधान में जबाव न दे सके। उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को सीएम हेल्पलाइन का डेटा फीड हो जायेगा, इसलिये 3 दिन में छुट्टियों के दौरान सीएम हेल्पलाइन पर कार्य होता रहे। एसडीएम, तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि एक भी शिकायत अनअटेन्ड आगे नहीं बड़े।

# राजस्व अधिकारी और आरईओ (कृषि) यह सुनिश्चित करें कि कृषक नरबाई न जलायें-कलेक्टर

**मुरैना,कांस।** शासन की गाइडलाइन के अनुसार खेतों में नरबाई न जलाने की बात कही गई है। इसके बाबजूद भी अगर कोई कृषक खेतों में नरबाई जलाता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने राजस्व अधिकारियों और आरईओ (कृषि) अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और सहायक संचालक कृषि श्री अनंत सरैया तथा जिले के समस्त आरईओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि जिले में कई स्थानों पर नरबाई जलाने की सूचना प्राप्त हो रही है। जबकि खेतों में नरबाई जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। फिर भी किसान नरबाई जला रहे हैं। इसके लिये जिले के समस्त आरईओ अपने-अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करें कि नरबाई जलाने की घटना न हो। जिस किसी के क्षेत्र में नरबाई जलाने की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित आरईओ, पटवारी तत्काल उस व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज करें। अगले 3 दिन में कम से कम 5 प्रकरण दर्ज होने चाहिये। उन्होंने कहा कि रिपोर्टिंग सही होनी चाहिये भले ही पिछ्ले 15 दिनों में इस प्रकार की घटना घटित हुई हो, तो कार्यवाही अवश्य करें। जिसकी सूचना जिला मुख्यालय पर ही भेजी जाये।



# बिछिया नदी के उद्गम स्थल को जीवंत बनाये रखने में ग्रामवासी सहभागी बनें : ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल

### ग्रामीण विकास मंत्री ने बिछिया नदी के उद्गम स्थल पर की पूजा-अर्चना

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने ग्रामीणों से किया जन संवाद, ग्रामसभा में हुए सम्मिलित



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मऊगंज जिले के खैरा ग्राम में बिछिया नदी के उद्गम स्थल में पूजा-अर्चना की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में आयोजित कार्यक्रम में नदी के उद्गम स्थल पर पुष्प अर्पित कर दुग्ध अभिषेक किया। जन भागीदारी से जल संचयन के संकल्प के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणजनों से संवाद करते हुए ग्रामसभा का शुभारंभ किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बिछिया नदी के उद्गम स्थल में फेंसिंग कराकर वर्षाकाल में पौध-रोपण करें। उन्होंने कहा कि खैरा की पुण्य भूमि नदी का उद्गम स्थल है। यहाँ के निवासियों को भू-जल स्तर बनाये रखने के लिए इसे हरा-भरा बनाना होगा।

पौध-रोपण से आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवरेगा। भू-जल स्तर में आ रही कमी व जल संकट को चुनौती के तौर पर स्वीकार करते हुए इससे निपटने के लिए समवेत होने का उन्होंने आहवान किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस वर्ष तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से कराए जाकर पौध-रोपण की तैयारी व पुराने जल स्त्रोतों के संरक्षण व पुनर्रुद्धार के कार्य इस दौरान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में भवन बनाने, सामुदायिक भवन निर्माण व जनपद पंचायतों के भवन निर्माण के कार्य कराए जाएंगे। श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों के कार्य की प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाली राशि से पंचायतों में आवश्यकतानुसार कार्य कराए जाएं तथा आवास प्लस की सूची में पात्र हितग्राहियों के नाम शामिल कराएं। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, डीआईजी श्री राजेश सिंह चंदेल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, एसपी दिलीप सोनी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद जौरा, जिला मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/ 1144 दिनांक 17.04.2025

### ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जौरा वित्तीय वर्ष 2025-26 (01 मई 2025 से 31 मार्च 2026 ) की अवधि हेतु निम्नांकित मदों की वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ऑनलाइन निविदा उच्चतम ऑफर (प्रस्ताव) ई-निविदा बेव साइड www.mptenders.gov.inपर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/एजेसिंयो द्वारा उक्त ठेकाओ हेतु ऑनलाइन निविदायें दिनांक 05.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | वसूली कार्य का मद | ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. | वसूली ठेका का शासकीय ऑफर प्रीमियम राशि | ठेका की आमनत राशि | निविदा ऑफ प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अस्थायी दखल (वाहन) वसूली | 2025_UAD_417441_1 | 62,89,590.00 | 6,28,959.00 | 10,000 |

नोटः- शर्ते-

1. वसूली ठेका विज्ञप्ति संबंधित समस्त नियम एवं शर्ते ऑन लाइन बेब साइड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अखिल माहेश्वरी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जौरा, मुरैना

(वीरेन्द्र रावत)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जौरा, जिला मुरैना

# सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी : राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल द्वारा बीएमएचआरसी में डीएनए सिक्केंसर मशीन लोकार्पित



**भोपाल,ब्यूरो।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। सरकार और समाज की सहभागिता से ही सिकल सेल रोग का उन्मूलन होगा। सिकल सेल की जांच, उपचार, औषधि एवं जेनेटिक कार्ड वितरण में सरकार अच्छा कार्य कर रही है। समाज को भी आगे आना होगा। वर्ष 2047 में कोई भी बच्चा सिकल सेल रोग के साथ जन्म नहीं ले। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर व्यक्ति को ÷मेरा भी योगदान हो÷, इस भाव के साथ सिकल सेल उन्मूलन में जुड़ना होगा। उन्होंने बी.एम.एच.आर.सी. के सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में डीएनए सिक्केंसर मशीन प्रयोग शाला की स्थापना को सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की है। राज्यपाल श्री पटेल भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में आयोजित सिकल सेल पर केन्द्रित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संस्थान द्वारा संगोष्ठी का आयोजन आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला के लोकार्पण अवसर पर किया गया था। इससे पूर्व राज्यपाल श्री पटेल ने आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला का लोकार्पण और अवलोकन किया। रोगियों को किट प्रदान की। बीएमएचआरसी के सक्षमता केन्द्र से दिग्दर्शिका के प्रकाशन का लोकार्पण किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल को समाप्त करने में हर व्यक्ति सहयोग कर सकता है। प्रयास करना होगा कि सिकल सेल रोगियों का आपस में विवाह नहीं हो, क्योंकि उनके बच्चे शत प्रतिशत सिकल सेल रोगी होगें। ऐसे प्रयास भी किए जाए कि वाहक युगल भी आपस में विवाह नहीं करें। वाहक दंपतियों के प्रत्येक गर्भधारण में संतान के रोगी होने की सम्भावना 25 प्रतिशत होगी। विवाह होने पर गर्भावस्था मे प्रि-नेटल जांच अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि यह भी बताना उतना ही जरूरी है कि सामान्य के साथ रोगी अथवा वाहक के विवाह में कोई बाधा नहीं है। इसी तरह सिकल सेल रोगियों, वाहकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए खान-पान एवं दिनचर्या संबंधी सावधानियों के बारे में भी सचेत करने मे समाज का सक्रिय सहयोग जरूरी है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल आनुवंशिक बीमारी है। इसलिए उन्मूलन जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। हमारे वैज्ञानिकों ने जीन स्तर के विश्लेषण के द्वारा रोग की जड़ तक पहुँचकर रोग उन्मूलन के लिए कार्य करने का अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध कराया है। प्रयोग शाला सिकल सेल रोग की विलक्षणता से उत्पन्न चुनौतियों और जटिलताओं को समझने और समाधान खोजने में सहायक होगी। इसकी विशेषताओं से ऐसा प्रतीत होता है कि यह मशीन सिकल सेल रोग की गम्भीरता के पूर्वानुमान और व्यक्तिगत चिकित्सा शोध के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात करेगी। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि प्रदेश के सभी विभागीय छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश अवसर पर सिकल सेल की जांच करायी जाएगी। उन्होने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल पहले संवैधानिक मुखिया है जिन्होंने प्रदेश के कोने-कोने तक पहुँच कर वंचितो के दुःख दर्द को समझा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश के सिकल सेल रोग प्रभावितों के जीवन मे बड़ा सुधार हुआ है। प्रदेश सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में देश में अग्रणी है, क्योंकि हमारे राज्यपाल श्री पटेल है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के सिकल सेल उन्मूलन महायज्ञ में जनजातीय कार्य विभाग ने भोपाल और इंदौर में 382 करोड़ रूपए के विशेषज्ञ संस्थानों के निर्माण के रूप में आहूति दी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि प्रदेश सिकल सेल उन्मूलन कार्य होलोस्टिक दृष्टिकोण के साथ करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। पहला राज्य है जहाँ दो से 20 वर्ष की आयु समूह का वैक्सीनेशन शुरू हुआ है। इंदौर, भोपाल में विशेषज्ञ शोध अनुसंधान के केन्द्र है। मिशन द्वारा सिकल सेल को खत्म करने के लिए तेज गति से स्क्रीनिंग और जैनेटिक कार्ड वितरण किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के मिशन के तहत लक्ष्यों की पूर्ति में प्रदेश अग्रणी है। अभी तक एक करोड़ से अधिक की स्क्रीनिंग हो चुकी है। जांच में 2 लाख वाहक और 28 हजार से अधिक रोगी चिन्हित हुए। एलोपैथी के साथ ही आयुष, चिकित्सा के द्वारा रोग उपचार और प्रबंधन व्यापक स्तर पर हो रहा है। जनजातीय समुदाय ने जेनेटिक कार्ड मिलाकर विवाह संबंध करना शुरू कर दिया है। संगोष्ठी में आभासी माध्यम से जुड़े आई.सी.एम.आर. के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने मध्य प्रदेश को सिकल से उन्मूलन प्रयासों में देश में अग्रणी बताया। राज्य के मिशन क्रियान्वयन, प्रबंधन और प्रभावित के जीवन को बेहतर बनाने के एकीकृत प्रयास अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा आरगन डैमेज और दर्दकारी समस्याओं में कमी के अनुसंधान और क्लिनिकल टेस्ट के प्रयास हो रहे है।

# भाजयुमो ने सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला फूंका

## नेशनल हेराल्ड घोटाले में संलिप्तता पर ईडी ने दायर की



**मुरैना,कांस।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की है। गांधी परिवार के उक्त भ्रष्टाचार व देश की जनता के साथ धोखाधड़ी से आमजन में रोष व्याप्त है। गुरुवार को मुरैना भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शहर के हनुमान चौराहे पर प्रदर्शन कर सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने उक्त भ्रष्टाचारी कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया ने बताया प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजयुमो द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन व प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा ईडी की चार्जशीट यह स्पष्ट करती है कि गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी का दुरुपयोग कर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को अपने नियंत्रण में ले लिया, जिसकी संपत्ति दो हजार करोड़ रुपए से अधिक थी और जिसे पत्रकारिता व जनसेवा के लिए बनाया गया था। कांग्रेस पार्टी ने एजेएल को 90.25 करोड़ रुपए का ऋण दिया, जिसे चुपचाप यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कुल हिस्सेदारी 76 प्रतिशत है। यंग इंडिया ने इस 90 करोड़ रुपए के ऋण को माफ कर दिया और केवल 50 लाख रुपए के मामूली निवेश पर एजेएल का पूर्ण स्वामित्त हासिल कर लिया।

इस प्रकार गांधी परिवार ने दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल, पटना जैसे प्रमुख शहरों की अचल संपत्ति पर कब्जा कर लिया। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सोनू परमार ने कहा कांग्रेस अब एक राष्ट्रीय आंदोलन नहीं, बल्कि एक पारिवारिक धंधा बन गई है। आजादी की लड़ाई की विरासत को एक अवैध साम्राज्य की सुरक्षा के लिए गिरवी रख दिया गया है। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र बचाने के लिए नहीं हैं, बल्कि गांधी परिवार को जांच से बचाने का राजनीतिक नाटक है। ईडी ने केवल दस्तावेजों, बैंक रिकॉर्ड, शेयर मार्केट और शेयर होल्डिंग के आधार पर कार्यवाही की है। यह राजनीतिक बदले की नहीं बल्कि साक्ष्य आधारित कार्यवाही है। यह चार्जशीट सिर्फ कानूनी दस्तावेज नहीं, यह नए भारत की चेतना का प्रतीक है। अब देश भ्रष्टाचार, विशेषाधिकार और संस्थाओं पर हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। कानून सर्वोपरि है, और न्याय जरूर होगा। इसके अलावा युवा मोर्चा के पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल पूर्व मंत्री मुन्सिलाल, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता,केदार सिंह यादव,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा, युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद भदौरिया, सहित अन्य बरिष्ठ नेताओं ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आना पूरी तरह से तकनीकी और कानूनी मामला है, इसलिए कांग्रेस को ईडी और आयकर जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर प्रदर्शन के माध्यम से दबाव डालने का प्रयास करने की बजाय उसे तकनीकी और कानूनी आधार पर अपना पक्ष अदालत में रखना चाहिए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी सौगातें देने 24 अप्रैल को ग्वालियर आयेंगे

## प्रस्तावित यात्रा के दौरान बड़े-बड़े विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण
## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बैठक लेकर लोकार्पण कार्यक्रम के संबंध में दिए दिशा-निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी सौगातें देने 24 अप्रैल को ग्वालियर आयेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस दिन उपनगर ग्वालियर में सीएम राइज स्कूल किलागेट के नवनिर्मित भवन, स्मार्ट स्कूल शिक्षानगर, फूलबाग के समीप नवनिर्मित 132 केव्ही का जीआईएस विद्युत उपकेन्द्र, सिविल हॉस्पिटल बिरलानगर का नवनिर्मित भवन, वेस्ट टू वंडरपार्क एवं हजीरा क्षेत्र में स्थित फुटबॉल मैदान का लोकार्पण करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कलेक्ट्रेट में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जिन कार्यों का मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोकार्पण करने जा रहे हैं, उनमें शेष कार्य हर हाल में 22 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। गुरुवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार व अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम सहित विभिन्न कार्य एजेंसियों के अधिकारी मौजूद थे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24 अप्रैल को जिन विकास कार्यों का लोकार्पण करने जा रहे हैं, उनसे उपनगर ग्वालियर की तस्वीर बदलेगी।

करोड़ों करोड़ रूपए की लागत से इन कार्यों ने मूर्तरूप लिया है। उन्होंने कहा कि लोकार्पण कार्यक्रम में स्मार्ट स्कूल शिक्षानगर में संचालित होने जा रहे शासकीय बालक उमावि के बच्चों व उनके अभिभावकों को अवश्य आमंत्रित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि लोकार्पण कार्यक्रम पूरी गरिमा के साथ आयोजित हों, इसके लिये पुख्ता व्यवस्था की जाएं। साथ ही कार्यक्रम में आने वाले आगुंतकों को कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी कार्य एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों का लोकार्पण होने जा रहा है उनकी 30 : 30 मिनट की वीडियो क्लिपिंग तैयार करें। यह क्लिपिंग लोकार्पण कार्यक्रम में दिखाएँ, जिससे शहर में विकसित हुई उत्कृष्ट अधोसंरचना के बारे में शहरवासी जान सकें।

## नगर निगम आयुक्त ने एयरपोर्ट नाले के निर्माण कार्य को देखा, संबंधित ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर भ्रमण कर दीनदयाल नगर स्थित एयरपोर्ट के पास बन रहे नाले के निर्माण कार्य को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री विजय राज, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल, प्र. उपायुक्त श्री रजनीश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री अजय पाल सिंह जादौन, सहायक यंत्री अमित गुप्ता, आशीष राजपूत सहित संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहा। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सबसे पहले नाले का निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को समय सीमा में नाले का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगर संबंधित ठेकेदार समय सीमा में नाले का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करता है तो संबंधित पर पेनल्टी लगाई जाए। यह नाला 9 करोड 39 लाख की लागत से लगभग 3 किमी की लम्बाई का बनाया जा रहा है।

# पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की स्थानांतरण नीति शीघ्र होगी घोषित : मंत्री श्री पटेल

**आवास प्लस योजना में 27 लाख आवास मंजूर, 6.5 लाख आवासों को भी मिलेगी मंजूरी**

**जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में बनेंगे 50 हजार खेत तालाब**




रीवा जिला योजना समिति की बैठक में कई प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

**रीवा,कासं.।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला योजना समिति की बैठक हुई। बैठक में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम कल्पना चावला पॉलिटेक्निक कालेज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मेसर्स गोकुलदास एक्सपोर्ट लिमिटेड बैंगलोर के सहयोग से शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्रावास में सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण की नीति शीघ्र घोषित होगी। इसके अनुसार ही स्थानांतरण किए जाएंगे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ÷जल गंगा संवर्धन÷ अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस अभियान में जल संरक्षण के कार्य कराएं। गत वर्षों में जिन गांवों में पानी का संकट रहा, वहाँ हैण्डपंप तथा कुओं में रिचार्ज पिट प्राथमिकता से बनाएं। अभियान में शामिल जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करके निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। अभियान के तहत मनरेगा से मंजूर सभी अधूरे कार्य 15 मई तक पूरे कराएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान से 50 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस योजना से रीवा जिले ही नहीं पूरे विन्ध्य में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। नए पात्र परिवारों को योजना का लाभ देने के लिए एक लाख 72 हजार परिवार चिन्हित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना से प्रदेश में 27 लाख गरीब परिवारों को आवास मंजूर किए गए हैं। इसके शेष 6 लाख 50 हजार आवास शीघ्र स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब परिवारों को पक्के आवास के लिए सभी एसडीएम प्राथमिकता से जमीन उपलब्ध कराएं। इस योजना से मल्टी स्टोरी आवास भी बनाए जा सकते हैं। पेयजल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिले में औसत से कम वर्षा हुई है। जिले की सभी बसाहटों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट की आशंका हो वहाँ वैकल्पिक स्त्रोत से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध राशि से स्पॉट सोर्स पर पानी की टंकी रखकर भी पेयजल की आपूर्ति कराएं। जहाँ जरूरत हो वहाँ तत्काल हैण्डपंपों में सिंगल फेज मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति करें। जल जीवन मिशन की समूह नल जल योजना से जिन गांवों में पानी दिया जा रहा है, उनमें पाइप की मरम्मत तथा अन्य कमियाँ दूर कर नियमित रूप से पानी की सप्लाई करें। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन को भी मंजूरी दी गई। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में ग्राम पंचायतें नल जल योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य में सामाजिक संगठनों तथा आम जनता की भी भागीदारी आवश्यक है। विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में पानी का संकट दूर करने के लिए बाणसागर बांध की नहरों से तालाबों और नदियों में पानी छोड़ने का सुझाव दिया। विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम ने जिला योजना समिति के पुनर्गठन तथा जब तक मऊगंज जिले में जिला पंचायत का गठन नहीं हो जाता तब तक वहाँ के जिला पंचायत सदस्यों को रीवा की योजना समिति की बैठक में सदस्य के रूप में शामिल करने का सुझाव दिया।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अधिकारी रूटीन के कार्यों से हटकर जनसहभागिता के साथ विभाग से जुड़े नवाचार की तरफ कदम बढ़ाए, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता**




**अलीगढ,ब्यूरो।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं अपने-अपने विभागों के प्रगति विवरण प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर फीड होने वाले समस्त आंकड़ों को समयबद्ध एवं सटीक रूप में अपडेट किया जाए, जिससे शासन स्तर पर जिले की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की प्रगति में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री रंजन ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना समेत अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागवार प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रूटीन के कार्यों से हटकर जनसहभागिता के साथ विभाग से जुड़े नवाचार की तरफ भी कदम बढ़ाएं।

नए लक्ष्यों को ससमय पूरा करने के लिए अभी से कार्ययोजना बनाएं। मुख्यमंत्री आवास योजना में सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि मासांत तक अपेक्षित कार्य पूरा करें।

# योगी सरकार दो लाख से अधिक युवाओं को देगी रोजगार

## फायर सेफ्टी ऑफिसर बनेंगे युवा

**लखनऊ ,एजेंसी।** योगी सरकार पिछले आठ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नए-नए अवसर प्रदान कर रही है। इसी क्रम में योगी सरकार प्रदेश के दो लाख से अधिक युवाओं को अब अग्निशमन विभाग द्वारा प्रशिक्षण के बाद निजी संस्थानों में अग्नि सुरक्षा अधिकारी और अग्नि सुरक्षा कर्मी के पद पर तैनाती के अवसर उपलब्ध कराएगी। इसके लिए सीएम योगी के निर्देश पर विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। इन युवाओं को ट्रेनिंग के बाद प्रदेश के मॉल, हॉस्पिटल, स्कूल और बड़े व्यावसायिक भवनों में नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे।

योगी सरकार की यह पहल एक ओर जहां प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ेगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेश को अधिक सुरक्षित, सजग और समय रहते आपदा से निपटने में सक्षम बनाएगी। इसी के साथ उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन जाएगा, जहां युवाओं को अग्निशमन का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। अग्निशमन विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के निजी भवनों में सिक्योरिटी गार्ड की तरह अनिवार्य रूप से अग्नि सुरक्षा अधिकारी और अग्नि सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके लिए योग्यता के मानक भी तय कर लिए गए हैं। विभाग द्वारा प्रदेश के इच्छुक युवाओं को एक हफ्ते से लेकर चार हफ्ते की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद उन्हें विभाग द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, फिर प्रदेश के निजी भवनों जैसे मॉल, मल्टीप्लेक्स, 100 या उससे अधिक बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल, 24 मीटर से अधिक ऊंचाई के गैर आवासीय भवन, 45 मीटर से अधिक ऊंचाई के आवासीय भवन, 10,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले औद्योगिक भवनों में नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने केंद्र सरकार के मॉडल फायर सर्विस बिल- 2019 को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम- 2022 लागू किया है। इस अधिनियम के तहत निजी भवनों में प्रशिक्षित अग्नि सुरक्षा अधिकारियों के साथ अग्नि सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य है। इन भवनों में अग्नि सुरक्षा अधिकारियों और अग्नि सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने वाला देश का पहला राज्य उत्तर प्रदेश बन जाएगा। एडीजी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लागू उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम- 2022 और अग्निशमन नियमावली- 2024 देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श बन चुकी है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954